* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 28

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ आज से शुरू





इंकलाब जिंदाबाद सीपीआईएम जिंदाबाद ! किसान मजदूर एकता जिंदाबाद !

## सीपीआई (एम) का
# उलगुलान

स्थान:- मौसी बाड़ी, बुण्डू झा.
दिनांक: 17 नवम्बर 2023

हसुआ हथोड़ा तारा चिन्ह



स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मदिन और प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक जोहार ! और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की तमाम जनता को विशेष रूप से अभिनंदन जोहार करते हुए हार्दिक बधाई

# अपील और संदेश

सीपीआईएम भारत की कम्युनिष्ट पार्टी मार्क्सवादी की प्रदेश कमेटी के तत्वावधान में 17 नवंबर को बुंडू के मौसी बाड़ी मैदान में आयोजित उलगुलान महारैली में हजारों की संख्या में शामिल होकर गरीब किसान मजदूर के हक अधिकार की आवाज को बुलंद करें.

# मुख्य अतिथि





**अशोक धावले**
सीपीएम के पोलित ब्यूरो सदस्य

**प्रकाश विप्लव**
झारखंड प्रदेश कमेटी के सचिव

इसके अलावा सीपीएम के सम्मानित प्रदेश कमेटी के नेता मौजूद रहेंगे.
इस अवसर पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें.

**सुरेश मुंडा**
सीपीएम झारखंड प्रदेश कमेटी के सदस्य और तमाड़ विधानसभा के प्रभारी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,800 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड दौरे में पीएम ने आदिवासियों के दिलों में जगह बनायी

## ■ रांची की सड़कों, उलिहातू और खूंटी की सभा में उमड़ा जनसैलाब काफी कुछ कहता है

## ■ भगवान बिरसा मुंडा के गांव की मिट्टी करायेगी 2024 का राजतिलक!

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उलिहातू दौरा संपन्न हो गया है। जनजातीय गौरव दिवस के दिन आदिवासियों के बीच भगवान का दर्जा रखनेवाले बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर नमन कर उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि आदिवासी उनके लिए केवल राजनीति के विषय नहीं हैं, वे उन्हें केलव वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना नहीं चाहते, बल्कि उनके संकल्प हैं। पांच राज्यों में एन चुनाव के बीच पीएम मोदी का झारखंड दौरा यह बात साफ करता है कि भाजपा बेहद समझदारी से अपनी रणनीति तैयार करती है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड दौरा भी एक ठोस रणनीति के तहत ही हुआ। आदिवासी समाज के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की घोषणा कर और आदिवासियों से अपना जुड़ाव प्रदर्शित कर पीएम मोदी देश भर के आदिवासी समाज को यह संदेश देने में कामयाब रहे कि वे दिल से आदिवासियों के साथ हैं। झारखंड की राजधानी रांची से करीब 40 किलोमीटर दूर खूंटी जिले के छोटे से गांव उलिताहू की मिट्टी को जब उन्होंने माथे से लगाया, तब एक बात साफ होने लगी कि यह मिट्टी ही 2024 में उनके राजतिलक का रास्ता तय करेगी। यानी, पीएम मोदी के इस एक दौरे ने न केवल आदिवासियों के दिलों में अपनी छवि बनायी है, सीटों के चुनावी समीकरणों पर असर डाला है, बल्कि अगले सप्ताह छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भी एक बड़ा संदेश दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी भले ही झारखंड में बिरसा मुंडा की जयंती पर पहुंचे हों और वहां सभा कर घोषणाएं की हैं, लेकिन इसका सियासी असर बेहद जोरदार हुआ है। पीएम मोदी के रांची में रोड शो के दौरान आम लोगों में जो उत्साह दिखा, उलिहातू में जिस तरह से आम लोगों का सैलाब उमड़ा, उससे तो यही लगता है कि भाजपा ने झारखंड में अपनी खोयी जमीन को बहुत हद तक पाटने में कामयाबी हासिल की है। क्या हुआ है पीएम मोदी के झारखंड दौरे का सियासी असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक झारखंड दौरा संपन्न हो गया। धरती आबा बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू पहुंच कर उन्होंने ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है, जिसे तोड़ना नामुमकिन है। वह उलिहातू गांव पहुंचनेवाले पहले प्रधानमंत्री बन गये हैं और इसके साथ ही उन्होंने 17 घंटे के इस झारखंड दौरे से वह सब कुछ हासिल कर लिया है, जिसकी भाजपा को सख्त जरूरत थी। यह जरूरत थी आदिवासियों के दिलों में अपनी खोई जमीन हासिल करने की। यह पहला अवसर था, जब उलिहातू के लोगों ने, बिरसा मुंडा के वंशजों ने अपने करीब इतने बड़े नेता को पाया। इससे पहले जब भी कोई बड़ा कार्यक्रम वहां होता था, ग्रामीण नेता की एक झलक पाने के लिए भी तरसते थे। सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक-चौबंद होती थी कि वहां परिंदे भी पर नहीं मार सकते थे, लोगों का पास आना तो दुर्लभ था। अगर यह कहा जाये कि पीएम मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के गांव की मिट्टी को माथे से लगा कर 2024 में अपने राजतिलक का रास्ता भी साफ कर लिया है, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची में रात्रि विश्राम करने के बाद जनजातीय गौरव दिवस के दिन झारखंड के खूंटी जिले में स्थित उलिहातू पहुंचे, जहां आदिवासी समाज में भगवान का दर्जा रखनेवाले बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था। पीएम मोदी ने खूंटी से आदिवासी कल्याण के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का एलान किया, साथ ही जनजातीय गौरव दिवस पर विकसित भारत संकल्प यात्रा की भी शुरुआत की। दो महीने तक चलनेवाली इस यात्रा के जरिये केंद्र सरकार की योजना अपनी उपलब्धियों को जनता तक ले जाने की है।

स्वाभाविक रूप से पांच राज्यों में चुनाव के बीच पीएम मोदी के झारखंड दौरे ने नयी चर्चा को जन्म दे दिया है। चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि दो महत्वपूर्ण राज्यों मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रचार थमने को है और चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पीएम मोदी इन राज्यों से कहीं दूर झारखंड क्यों आये? भाजपा की पहचान प्लानिंग के साथ चलनेवाली पार्टी के रूप में भी है। ऐसे में सवाल ये भी उठ रहे हैं कि इस दौरे के पीछे पीएम मोदी और भाजपा का प्लान क्या था?



### झारखंड में मोदी, चुनावी राज्यों को संदेश

पीएम मोदी भले ही झारखंड में थे, जहां अभी कोई चुनाव नहीं है, लेकिन भाजपा की रणनीति एक तीर से कई निशाने साधने की है। पीएम मोदी बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर उनकी जन्मभूमि खूंटी जिले के उलिहातू पहुंचे थे। बिरसा मुंडा की जयंती के साथ ही यह मौका झारखंड के स्थापना दिवस का भी था। इसलिए उनके इस दौरे को लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड को साधने की कवायद के साथ ही देशभर के आदिवासी मतदाताओं के लिए भी एक संदेश की तरह देखा जा रहा है।

दरअसल, भाजपा के नेता चुनावी राज्यों में मोदी सरकार के समय बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस मनाने की परंपरा को अपनी उपलब्धि के रूप में आदिवासी मतदाताओं के बीच ले जा रहे हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा के बड़े नेताओं ने पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी चुनाव में विरोध का जिक्र करते हुए विपक्ष को खूब घेरा। अब बिरसा मुंडा के सहारे पार्टी की रणनीति आदिवासी समाज से भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने की है।

### चुनावी राज्यों में क्या है आदिवासी वोटों का गणित

भाजपा की नजर भगवान बिरसा मुंडा के सहारे आदिवासी वोटों का गणित साधने पर है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सत्ता का ताज तय करने में आदिवासी मतदाता बड़ी भूमिका निभाते हैं। आबादी के लिहाज से मध्यप्रदेश में 31, छत्तीसगढ़ में 34, राजस्थान में 17 और तेलंगाना में नौ फीसदी आदिवासी हैं। साल 2018 के चुनाव में भाजपा ने तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सत्ता गंवायी, तो इसके लिए भी आदिवासी वोट छिटकने को बड़ी वजह बताया गया। दरअसल, छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 में से 29 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, जो कुल सदस्य संख्या की एक तिहाई पहुंचती हैं। इन 29 में से भाजपा महज चार सीटें ही जीत पायी थी। मध्यप्रदेश की 230 में से 47 और राजस्थान की 25 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। कांग्रेस को 2018 के चुनाव में मध्यप्रदेश की 47 में से 30 और राजस्थान की 25 में से 16 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा की कोशिश अब छिटके आदिवासी मतदाताओं को फिर से अपने साथ लाने की है।

हिंदी पट्टी के तीनों ही राज्यों में सत्ता तक पहुंचाने में आदिवासी वोटर का, आदिवासी सीटों का रोल सीढ़ी जैसा है। इसलिए पीएम मोदी का पहले मानगढ़ धाम और अब बिरसा मुंडा की जन्मभूमि पर जाना भाजपा का स्मार्ट मूव है। आदिवासी इलाकों तक तकनीक की पहुंच बाकी इलाकों की तरह उतनी नहीं होने के बावजूद इतना तय है कि पीएम मोदी के झारखंड दौरे का मैसेज राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ तक जायेगा।

एक बड़ा सवाल यह भी है कि आदिवासियों को साधने के लिए पीएम मोदी ने झारखंड को ही क्यों चुना, तो इसका जवाब यह है कि झारखंड एक ऐसा प्रदेश है, जहां से देश भर के आदिवासियों को मैसेज आसानी से दिया जा सकता है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि देश भर के आदिवासी झारखंड को अपना अगुआ मानते हैं। झारखंड का रुख ही देश के आदिवासियों का रुख तय करता है। जनजाति गौरव दिवस के दिन झारखंड आकर पीएम मोदी ने यही संदेश देने की कोशिश की है कि वह आदिवासियों के सच्चे हितैषी हैं। इसका पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश गया है। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी दर्शाने की कोशिश की कि आदिवासी नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति उनके मन में कटुता नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अन्य गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की तरह इस दौरे से अपनी दूरी नहीं बढ़ायी। 14 नवंबर की रात, जब मोदी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे, तब से लेकर 15 नवंबर को उनके दिल्ली लौटने तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर अवसर पर प्रधानमंत्री का स्वागत सम्मान किया। यहां तक कि उलिहातू में भी उन्होंने प्रधानमंत्री के दौरे की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री के दौरे से झारखंड के आदिवासियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने जल, जंगल जमीन और सरना धर्म कोड की बात कर प्रधानमंत्री को आदिवासियों के बारे में उनके कर्तव्य का बोध कराया। मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि अगर आदिवासियों की आर्थिक स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया, तो इनकी संख्या दिनोंदिन कम हो जायेगी, यह बहुत बड़ा संदेश था प्रधानमंत्री के लिए। मुख्यमंत्री ने जब यह कहा कि उन्हें आदिवासी होने पर गर्व है, तो प्रधानमंत्री बहुत ही गंभीरता से उनकी बातों को सुन रहे थे। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के ऊपर मुख्यमंत्री की इन बातों का असर था, यह उनके हावभाव में भी परिलक्षित हुआ। पीएम के दौरे में हेमंत सोरेन ने आदिवासियों की उस संस्कृति और परंपरा को प्रगाढ़ किया, जिसमें सहज-सरल आदिवासी अपने मेहमानों का दिल खोल कर सम्मान करते हैं। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री के इस दौरे ने निश्चित रूप से आदिवासी दिलों को जोड़ा है। प्रधानमंत्री यही बताने आये थे कि आदिवासी उनके दिल में बसते हैं, वह दिल से आदिवासी समाज का भला करना चाहते हैं। उनके हक और अधिकार की रक्षा करना चाहते हैं। और इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री यह संदेश देने में सफल रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संदेश पढ़ा जाना भी आदिवासियों के लिए एक बड़ा संदेश था।

# राजनीतिक हलचल

### राजस्थान में भाजपा ने जारी किया 75 पन्ने का संकल्प पत्र

## एंटी रोमियो स्क्वाड, एमएसपी पर बोनस, गरीबों की फ्री पढ़ाई का वादा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जयपुर में पार्टी का संकल्प पत्र को जारी किया। इससे पहले भाजपा ने अपना चुनावी संकल्प पत्र तैयार करने के लिए संकल्प यात्रा तक निकाली थी, जिसमें संकल्प रथ हर जिले और विधानसभा में पहुंचे थे। पार्टी के अनुसार, संकल्प पत्र बनाने से पहले आम जनता की इच्छा और समस्या जानने का प्रयास किया गया था। वहीं करोड़ के आसपास सुझाव और पर्चियां एकत्र की गयीं। घोषणा-पत्र में भाजपा ने 'जन-जन की पुकार, आ रही है भाजपा सरकार' का नारा भी दिया है। 75 पन्ने के संकल्प पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए संकल्पों पर जोर दिया गया है। संकल्प पत्र में किसानों से भी भाजपा ने कई वादे किये हैं। इनमें 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं की खरीदी की बात है। गेहूं और धान की एमएसपी पर बोनस की व्यवस्था करने की बात भी कही गयी है। प्रदेश में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की मौजूदा राशि को बढ़ाकर किसानों को सालाना 12 हजार रुपये की आर्थिक मदद करने का भी वादा किया गया है। घोषणा पत्र जारी करते वक्त भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के 19,400 ऐसे किसान हैं, जिनकी जमीन कुर्क कर ली गयी है। हम कांग्रेस सरकार के राज में नीलाम हुई किसानों की जमीनों का उचित मुआवजा देने के लिए मुआवजा नीति लायेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि आगे किसानों की जमीन नीलाम ना हो और इसके लिए एक नोटिफिकेशन लायेंगे। मुख्यमंत्री किसान शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सभी लघु सीमांत, बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने का वादा किया गया है। गेहूं की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बोनस प्रदान करके 2,700 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदने की व्यवस्था की जायेगी। एमएसपी पर ज्वार और बाजरा की खरीद की व्यवस्था की जायेगी और श्री अन्न प्रमोशन एजेंसी की स्थापना होगी। ऊंट संरक्षण और विकास मिशन शुरू किये जायेंगे, जिसके अंतर्गत राज्य पशु ऊंट के पालन और संरक्षण के लिए किसानों को सहायता प्रदान की जायेगी।

**महिलाओं के लिए क्या संकल्प दिये हैं :** घोषणा-पत्र में भाजपा ने कहा कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक महिला थाना स्थापित करेंगे। सभी पुलिस स्टेशन में महिला डेस्क स्थापित करेंगे और सभी प्रमुख शहरों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन करेंगे।

## केंद्र में सत्ता मिली, तो होगी जातिगत जनगणना : राहुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चूरू के तारानगर, हनुमानगढ़ के नोहर और श्रीगंगानगर के सादुलशहर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। राहुल ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस का मतलब किसानों, मजदूरों, युवाओं की सरकार। यही फर्क है। हमारी गारंटी किसान, मजदूर, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों की सरकार चलेगी। छोटे दुकानदारों की सरकार चलेगी। राहुल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार आयेगी तो यहां कास्ट सर्वे हो जायेगा। जैसे ही हिंदुस्तान में कांग्रेस पार्टी की सरकार आयेगी, हम देश में जाति जनगणना उस दिन शुरू कर देंगे। कांग्रेस पार्टी की गारंटी है। हम जातिगत जनगणना करके दिखा देंगे। यह एक क्रांतिकारी ऐतिहासिक निर्णय है। जाति जनगणना के बाद दूध का दूध, पानी का पानी हो जायेगा। देश बदल जायेगा। पिछड़ों की जितनी आबादी है, उतना हक हम उनके हवाले कर देंगे। राहुल ने कहा, हम चाहते हैं बड़े से बड़ा सपना किसान, मजदूर और छोटे दुकानदार का बेटा देखे। अंग्रेजी पढ़े। एक ऐसा दिन आये, जब मजदूर का बेटा अमेरिका में जाकर बिजनेस खोले, अमेरिका की कंपनी में जाकर काम करे। करोड़ों रुपये की सैलरी पाये। हम ऐसा हिंदुस्तान चाहते हैं। ये दो हिंदुस्तान नहीं चाहिए हमें। एक तरफ किसान, मजदूर खून-पसीना दे अपना। दूसरी तरफ 5-10 उद्योगपति हवाई जहाज में उड़े। लाखों रुपये हर रोज खर्च करे, ऐसा हिंदुस्तान नहीं चाहिए।

## मध्यप्रदेश में जयस फैक्टर इस चुनाव में हुआ गायब, किसे मिलेगा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** अब वोटिंग में चंद घंटे बाकी हैं, लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में मालवा-निमाड़ के आदिवासी क्षेत्रों में प्रभावी भूमिका निभाने वाले जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) इस चुनाव में कहीं नजर नहीं आया। बिखराव से कमजोर हुआ यह संगठन अब कई धड़ों में बंट गया है। डॉ हीरालाल अलावा, लोकेश मुजाल्दा, विक्रम अछालिया व कमलेश्वर डोडियार अलग-अलग गुट का नेतृत्व कर रहे हैं। तीनों ही गुट तीन अलग अलग राजनीतिक दलों के साथ जुड़ गये हैं। कोई भाजपा का समर्थन कर रहा है, कोई कांग्रेस का, तो कोई आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी मैदान में है।



दरअसल, जयस संगठन ने 2018 के चुनाव में बेहद प्रभावी तरीके से चुनाव लड़ा था। जयस ने आदिवासी इलाकों में पांचवीं अनुसूची का मुद्दा उठाकर आदिवासियों को प्रभावित करने का काम किया था। इसके अलावा आदिवासी संस्कृति की सुरक्षा और संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने का अधिकार देने की बात पूरे चुनाव में दोहरायी थी। लेकिन यह मुद्दा पेसा का नियम लागू होने के बाद खत्म हो गया। इसमें स्थानीय स्तर पर वनोपज संग्रहण, विपणन सहित अन्य निर्णय लेने का अधिकार ग्राम सभाओं को दिया गया है। राज्य की शिवराज सरकार ने इसे खूब प्रचारित भी किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं आदिवासी क्षेत्रों में पेसा चौपाल लगायी, जिससे न केवल शिवराज सिंह चौहान को फायदा मिला, बल्कि आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त भी मिली। आदिवासियों का झुकाव भी कांग्रेस की तरफ से भाजपा की तरफ शिफ्ट हुआ। 2018 के चुनाव के बाद से ही गुटों में बंटा जयस पूरे समय इसी बात में लगा रहा कि आदिवासी समाज को बता पाये कि जयस एक है। भीतर ही भीतर सभी नेता इस बात के लिए प्रयासरत हैं कि विभिन्न गुटों कैसे भी एका हो जाये। जयस वर्ष 2013 में मध्यप्रदेश में सक्रिय हुआ। तब विक्रम अछालिया और डॉ अलावा ही इसमें शामिल थे। बाद में डॉ अलावा कांग्रेस में चले गये और जयस के सुप्रीमो होने का दावा करने लगे। दरअसल, पिछले चुनाव में डॉ अलावा ने खुलकर कांग्रेस की मदद की थी। वे कांग्रेस के टिकट पर विधायक भी बन गये। इसके बाद से ही संगठन में दोफाड़ देखने को मिली थी। पिछली बार जयस के सहयोग के कारण भाजपा को आदिवासी सीटों में 16 सीटों का नुकसान हुआ था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गयी हैं। अलग गुटों के कारण संगठन की पकड़ कमजोर हो गई है। कई संगठन के नेता या तो कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं, या फिर भाजपा का। इसके अलावा कुछ नेता आम आदमी पार्टी के बैनर तले चुनाव मैदान में हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों में जयस ने अपने उम्मीदवार भी खड़े किए हैं, हालांकि इनकी जीत की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। जयस की राजनीतिक महत्वाकांक्षा उजागर होने से आदिवासी समाज ने भी उनसे दूरी बना ली है।

www.epaper.azadsipahi.in

17 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 28

21 साल बाद वायरल हुआ ओसामा का अमेरिकियों को लिखा खत, इजरायल-हमास युद्ध से कनेक्शन






## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में टीएसी की 26वीं बैठक संपन्न

# राज्य में जमीन खरीद-बिक्री के लिए 26 जनवरी 1950 के जिले-थाने ही मान्य

- लुगु पहाड़ हाइडल पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट को किसी भी हाल में स्थापित नहीं होने दिया जायेगा
- टीएसी की उप समिति को एक वर्ष का अवधि विस्तार देने का भी फैसला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की 26वीं बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में टीएसी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में विधायक प्रो स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में गठित टीएसी की उप समिति के कार्यकाल को अगले एक वर्ष के लिए अवधि विस्तार दिये जाने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति दी गयी।

बैठक में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) द्वारा सीएनटी एक्ट के अंतर्गत 26 जनवरी 1950 के समय राज्य के भीतर जो जिले और थाने स्थापित थे, उन्हीं को जिला और थाना मानते हुए धारा-46 के तहत जमीन-खरीद बिक्री हेतु मान्यता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

**धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ को संरक्षित करने का निर्णय :** बैठक में सम्यक विचारोपरांत टीएसी द्वारा बोकारो जिला स्थित आदिवासी संतालियों की धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगु पहाड़ हाइडल पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट को किसी भी हाल में स्थापित नहीं होने दिये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इस संबंध में मुख्यमंत्री-सह-अध्यक्ष जनजातीय परामर्शदातृ परिषद हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास की धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम करेगी। हमारी सरकार किसी भी समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने देगी। जन भावना के अनुरूप टीएसी द्वारा लुगु पहाड़ हाइडल पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट को लुगु पहाड़ में नहीं स्थापित होने दिये जाने के संबंध में टीएसी की बैठक में लिया गया निर्णय महत्वपूर्ण है।

### 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधि की भूमिका अहम

बैठक में वर्तमान राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 15 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक राज्यव्यापी अभियान 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधिगण और प्रभारी मंत्री को अपनी महती भूमिका निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में बिरसा आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/आय/जन्म/मृत्यु/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाइ फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि का लाभ शत-प्रतिशत लाभुकों को सुनिश्चित कराया जा सके, इस निमित्त गहन विचार-विमर्श किया गया।

### वन पट्टा वितरण में तेजी लाने का निर्देश

बैठक में वन अधिकार अंतर्गत 'अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान' के अंतर्गत राज्य के वैसे आश्रित, जो वनों पर निर्भर हैं, उनके बीच व्यक्तिगत और सामुदायिक पट्टे का वितरण तेज गति से किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में झारखंड में पेसा कानून लागू किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) के सदस्यों से राज्य में बेहतर पेसा कानून लागू किया जा सके. इस निमित्त उनके लिखित सुझाव भी मांगे गये। बैठक में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 पर चर्चा सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श-किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री-सह-टीएसी के उपाध्यक्ष चंपई सोरेन, विधायक-सह-टीएसी सदस्य प्रो स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, दीपक बिरुआ, भूषण तिर्की, सुखराम उरांव, दशरथ गगराई, विकास कुमार मुंडा, राजेश कच्छप, सोनाराम सिंकू, शिल्पी नेहा तिर्की, मनोनीत सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, जमल मुंडा, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## उत्तरकाशी टनल हादसा

# झारखंड की टीम ने फंसे मजदूरों से साधा संपर्क


नयी मशीन से ड्रिलिंग शुरू

- एक सौ घंटे बाद भी निकल नहीं पाये 40 मजदूर
- अब अमेरिकी मशीन से चले रहा बचाव कार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी टनल में पिछले चार दिनों से फंसे 40 मजदूर अब भी निकाले नहीं जा सके हैं, हालांकि उन्हें निकालने की हर कोशिश जारी है। टनल में फंसे झारखंड के मजदूरों की मदद के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भेजे गये तीन अधिकारियों ने झारखंड के मजदूरों से संपर्क किया है और उनसे कहा है कि वे चिंता न करें। उनकी मदद के लिए वे झारखंड से आये हैं। जल्द ही सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जायेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्तरकाशी में हुए हादसे के तुरंत बाद तीन अधिकारियों की टीम को उत्तराखंड रवाना कर दिया था, ताकि टनल में फंसे अपने लोगों की मदद की जा सके।

**अमेरिका से मंगायी गयी ऑगर मशीन :** टनल में रेस्क्यू कार्य में लगी ऑगर मशीन के ड्रिल करने वाले पार्ट में खराबी आने के बाद उच्च क्षमता की दूसरी अमेरिकी ऑगर मशीन को दिल्ली से मंगाया गया है। इस अमेरिकी मशीन को टनल में इंस्टॉल करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। नवयुगा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी गिरधारीलाल नाथ ने बताया कि अमेरिकी ऑगर मशीन अव्वल दर्जे की मशीन है, जिसे रेस्क्यू कार्य के लिए मंगवाया गया है। इस मशीन को टनल में लगभग पूरी तरह से इंस्टॉल किया जा चुका है। मशीन के इंस्टॉल करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही काम शुरू कर दिया जायेगा। इसके बाद उम्मीद की जा सकती है कि हम अपने फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने में कामयाब होंगे। उन्होंने यह भी बताया, इस अमेरिकी ऑगर मशीन के फेल होने की कोई गुंजाइश नहीं है। बता दें कि टनल में फंसे मजदूरों के रेस्क्यू के लिए मंगायी गयी अमेरिकी ऑगर मशीन को वायुसेना के विमान से उत्तरकाशी लाया गया। उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी से टनल तक इस मशीन के हिस्सों को सड़क मार्ग से ट्रक द्वारा पहुंचाया गया था।




## न्यूज रील्स

### बंगाल की खाड़ी में तूफान का अलर्ट

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में बना गहरे दबाव का क्षेत्र शुक्रवार तक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है और बांग्लादेश तट को पार कर सकता है। उसने एक बुलेटिन में कहा कि गुरुवार को दबाव के क्षेत्र ने मजबूत होकर गहरे दबाव के क्षेत्र का रूप ले लिया और वह 17 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा में बढ़ रहा है। चक्रवाती तूफान की वजह से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका जतायी गयी है। इसके कारण पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में भारी बारिश होगी।

### राज्यपाल ने लौटाये 10 बिल

चेन्नई। पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार द्वारा विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं दिये जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल आरएन रवि पर सख्त टिप्पणी की थी। नाराजगी जताते हुए सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ की नेतृत्व वाली पीठ ने इस मुद्दे को चिंता का विषय करार दिया था। इस टिप्पणी के बाद गुरुवार को राज्यपाल रवि ने 10 बिलों को वापस कर दिया। बिलों को लौटाये जाने के कुछ घंटों बाद विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने शनिवार को एक विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें उम्मीद है कि सत्तारूढ़ द्रमुक उन्हें सीधे तमिलनाडु के राज्यपाल को भेज देगा, ताकि वे बिलों को मंजूरी दे दें।

## हाइकोर्ट का बड़ा फैसला

# रेप पीड़ित के बच्चे का डीएनए टेस्ट सही नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** बांबे हाइकोर्ट ने कहा है कि गोद लेने के बाद रेप पीड़ित के बच्चे का डीएनए टेस्ट कराना सही नहीं है। ऐसा करना बच्चे और उसके भविष्य के हित में नहीं है। जस्टिस जीए सनप की एकल पीठ ने 17 साल की लड़की से रेप करने के आरोपी को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि रेप के बाद लड़की गर्भवती हो गयी थी।

इस पर कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि क्या उसने बच्चे का डीएनए टेस्ट कराया था? इस पर पुलिस ने बताया कि डिलीवरी के बाद लड़की ने बच्चे को गोद लेने के लिए एक संस्था में दे दिया था। वहां से रेप पीड़ित के बच्चे को किसी ने गोद ले लिया। बच्चे को गोद लेने वाले माता-पिता के बारे में संस्था ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी।

हाइकोर्ट ने कहा कि संस्था का ऐसा करना बिल्कुल सही था। कोर्ट ने यह भी कहा कि चूंकि बच्चे को गोद ले लिया गया है, इसलिए उस बच्चे का डीएनए टेस्ट उसके और उसके भविष्य के लिए ठीक नहीं हो सकता। कोर्ट ने कहा कि आरोपी काफी समय जेल में बिता चुका है, इसलिए उसे जमानत देनी चाहिए।

# न्यूजक्लिक मामले में अमेरिकी कारोबारी को इडी ने भेजा समन

- सिंघम पर चीनी प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए भारतीय वेबसाइट को फंडिंग देने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** न्यूजक्लिक मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम को समन जारी किया है। जानकारी के मुताबिक सिंघम चीन के शंघाई में रह रहा है। इसलिए इडी ने विदेश मंत्रालय की मदद से चीनी अधिकारियों को समन भेजा, ताकी वे उसे सिंघम तक पहुंचा सकें। इडी ने इमेल भेज कर क्यूबा-श्रीलंकाई मूल के सिंघम को भारत स्थित ऑफिस आकर अपने बयान दर्ज कराने के लिए कहा है। दरअसल, न्यूजक्लिक पर चीनी प्रोपेगेंडा फैलाने के बदले पैसे लेने का आरोप है। न्यूजक्लिक को खासतौर पर सिंघम की ओर से पैसे मिलने का आरोप है। पिछले साल भी इडी ने सिंघम को समन जारी किया था, लेकिन चीनी अधिकारियों ने तब यह समन स्वीकार करने से मना कर दिया था। न्यूजक्लिक मामले में सुनवाई के दौरान दिल्ली कोर्ट की ओर से चीनी अदालत के नाम एक औपचारिक अनुरोध जारी किया गया। इसके बाद इडी ने सिंघम के खिलाफ यह कार्रवाई की। बता दें कि न्यूजक्लिक के खिलाफ इडी सहित पांच एजेंसियां जांच कर रही हैं।

# चंद्रयान-3 के रॉकेट का हिस्सा नियंत्रण से बाहर

- पृथ्वी के वातावरण में लौटा, प्रशांत महासागर में गिरा
- इसरो ने कहा, इसकी वजह का पता नहीं, कोशिश जारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 के लांच व्हीकल एलवीएम एम3 का एक हिस्सा नियंत्रण से बाहर हो गया और पृथ्वी के वातावरण में फिर से प्रवेश कर गया। इसकी जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दी है। अनियंत्रित होने वाला हिस्सा लांच व्हीकल का क्रायोजेनिक अपर स्टेज था, जिसने चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को तय कक्षा में स्थापित किया था। इसरो ने बताया कि यही हिस्सा बुधवार की दोपहर 2:42 बजे पृथ्वी के वातावरण में दाखिल हुआ। यह हिस्सा प्रशांत महासागर में गिर गया। इसके अनियंत्रित होने की वजह अभी साफ नहीं हुई है। इसका फाइनल ग्राउंड ट्रैक भारत के ऊपर से होकर नहीं गुजरा। इसरो के अनुसार वह इस घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुट गया है।

इसरो के बयान के मुताबिक चंद्रयान-3 को लांच किये जाने के 124 दिन बाद नोराड आइडी 57321 नाम की यह रॉकेट बॉडी पृथ्वी में दोबारा दाखिल हुई। चंद्रयान-3 के ऑर्बिट में स्थापित होने के बाद अपर स्टेज को निष्क्रिय (पैसिवेशन) करने की प्रक्रिया से भी गुजारा गया था। पैसिवेशन में रॉकेट में मौजूद प्रोपेलैंट और ऊर्जा स्रोत को हटाया गया, ताकि अंतरिक्ष में विस्फोट के खतरे को कम किया जा सके। यह प्रक्रिया भी इंटर-एजेंसी स्पेस डेब्रिस कोऑर्डिनेशन एजेंसी (आइएडीसी) और संयुक्त राष्ट्र के दिशा-निर्देश के तहत आती है।



आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## चित्रगुप्त भगवान की पूजा संपन्न



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** चित्रगुप्त नगर, झुमरीतिलैया स्थित चित्रगुप्त मन्दिर प्रांगण में भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा बड़े ही धूम धाम संपन्न हुई। पूजा में चित्रांश भिखारी प्रसाद सिन्हा, नीरज कुमार, गौतम कुमार, रविन्द्र कुमार मोती, ओंकार सिन्हा, संजीत सिन्हा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, शैलेन्द्र कुमार अभय, ब्रह्मदेव प्रसाद, अरविंद कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा सहित काफी संख्या में चित्रांशों ने भाग लिया। पूजा राम लखन पांडेय ने संपन्न कर्रवाई। पूजा के बाद प्रसाद वितरण हुआ, प्रसाद वितरण में मयंक कुमार, कृतार्थ, स्वयम, अक्षत,यस, गोलू, कान्हा, कार्तिकेन आदि ने अहम भूमिका निभाई। गुरुवार को सुबह 9 बजे हवन का कार्यक्रम तथा संध्या 4 बजे प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के रविन्द्र कुमार मोती, ओंकार सिन्हा, नीरज कुमार, गौतम कुमार, ऋषिकांत, शैलेन्द्र कुमार अभय ने अहम भूमिका निभाई। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अभय ने पूजा को सफलता पूर्वक संपन्न करवाने के लिए उन सबका आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस पूजा में किसी भी प्रकार का सहयोग दिया है।

## बीडीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालक के साथ की बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की गयी। बीडीओ गौतम कुमार ने उपस्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक को निर्देशित किया कि सरकार आपके द्वार से संबंधित आवश्यक कार्यक्रम में भाग लें। साथ ही सभी संचालको को निर्देश दिया कि झारखंड फसल राहत योजना और पीएम किसान योजना के लाभुकों का इ केवाइसी मिशन मोड में करना सुनिश्चित करें। उसके अलावे शिविर और पंचायत भवन में दिन प्रतिदिन जो आम जनों की शिकायतें) आवेदन पत्र आता है, उसे सही प्रक्रिया के तहत निष्पादन करना सुनिश्चित करें और संबंधित कर्मी और पदाधिकारी को संसूचित करें। मौके पर अंचल कर्मी राकेश कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथिलेश कुमार, रणधीर कुमार राणा, संजय मोदी, सुजीत मोदी, सूरज पंडित, मुनाफ यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## विवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर आरोप

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोहाल में गुरुवार की सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मधु कुमारी (उम्र लगभग 24 वर्ष, पति संतोष दास पोस्ट मकतपुर, थाना जयनगर) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के मायके वालों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और ससुराल वालों को गिरफ्तार करने की मांग पर डटे रहे। जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है और इसमें जो भी दोषी होगा उसे बक्सा नहीं जायेगा। मौके पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, सुनील कुमार पासवान, पंचम तिगा, आशीष कुमार हसदा कई पुलिस के पदाधिकारी और जवान मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक थाना में किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत समाहरणालय के समीप सडक दुघर्टना मे एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान निजाम आसरी (55 वर्ष ग्राम जलवाबाद) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी स्कूटी से कोडरमा बाजार आने के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज करके बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## उज्ज्वला के तहत दिया गया कनेक्शन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित त्रिदेव ग्रामीण गैस वितरक मरकच्चो के द्वारा गुरुवार को गैस गोदाम के समीप 70 लाभुकों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला के तहत कनेक्शन के साथ वितरण किया गया। त्रिदेव गैस एजेंसी के प्रोपराइटर शंकर साव ने बताया कि राजेंद्र दास, राजकुमार, रंजीत कुमार, प्रवीण पांडे ने छठ पर्व को देखते हुए कार्ड तैयार कर वितरण किया और लगभग दो सौ आवेदन की जांच की है। इन्हें भी जल्द ही वितरण किया जायेगा। वहीं सभी लाभुकों को चूल्हा एक टंकी गैस 14 किलो 200 ग्राम पाइप रेगुलेटर मुफ्त में दिया गया। इस मौके पर लाभुक लक्ष्मी कुमारी, भागिया देवी, सविता कुमारी, रुबी कुमारी, फुलवा देवी, अरमान खातून समेत अन्य लाभुक मौजूद थे।

## चंदवारा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर चंदवारा चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षित चलने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन नही चलने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी नही बैठने, गति सीमा का पालन करने, वाहन को दुरस्त रखने, वाहन कभी भी असुरक्षित ढंग से न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने सम्बंधित हिदायत दी गयी। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, माइका इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार, एसआइब्रह्मदेव प्रसाद, एएसआइ नाजमी नैयर, श्याम बिहारी मांझी, रोड सेफ्टी मैनेजर हिमांशु सिंह समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### डीसी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करें: नैंसी सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गयी। गुरुवार को हुई समीक्षा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित अभियानों सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के संबंध में चर्चा की गयी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम जिला में डेंगू की वर्तमान स्थिति और इसके उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियानों, एरिया सर्वे और प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग की जानकारी ली। उपायुक्त ने नीति आयोग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न इंडिकेटर्स के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया साथ इस ओर किये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट का डाटा आवश्यक रुप से नीति आयोग की साइट पर अपलोड करने को कहा।

संस्थागत प्रसव की जिलास्तरीय स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा साथ ही अनीमिया की जांच में और बेहतर करने का निर्देश दिया। आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड जरूरतमंदों के लिए महत्वपूर्ण है इसके क्रियान्वयन में गंभीरता लाने को कहा। टीवी उन्मूलन अभियान के तहत के मरीजों के बलगम का सैंपल कलेक्शन, जांच और मरीजों के उपचार को बेहतर बनाने के लिए संभावित रोगियों के सैंपल कलेक्शन में तेजी लाने में स्वास्थ्य सहिया का सहयोग प्राप्त करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा डीएमएफटी सहित स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानव संसाधन और आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध कराये गये संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा के गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ लोगों को अधिक से अधिक दिया जा सके इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेवारी और संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा।

उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रतिनियुक्ति सभी कर्मी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। साथ ही चेतावनी भी दी जो भी स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक, नर्स, एएनएम अपने दायित्वों में लापरवाही बरतने का काम करते हैं उन्हें चिन्हित कर स्पष्ट अनुशंसा के साथ कारवाई के लिए लिखें। साथ ही एमओआइसी को निर्देशित किया नियमित समीक्षा करें, आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच करें, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की जिम्मेवारी का निर्वहन करें। बैठक में सिविल सर्जन, डॉक्टर सहित एमओआइएसी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 228 बोतल शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ पुलिस ने बनासो के गरहमुर्गी से बुधवार को मैरून रंग की मारुति ऑल्टो कार जेएच 09 एच 7493 के डिक्की और पिछले सीट में छुपा कर ले जा रही अवैध अंग्रेजी शराब 228 बोतल के कार को जब्त कर लिया। गोमिया की ओर से एक मैरून मारुति ऑल्टो कार अवैध अंग्रेजी शराब लेकर थाना क्षेत्र के सिमरिया होकर जीटी रोड होते हुए कालाबाजारी हेतु बिहार की ओर ले जाने वाले है। सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुज उरांव ने विष्णुगढ़ के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन किया गया। पुलिस का यह दल गरहमुर्गी में दोपहर शराब ले जा रही कार को रोक कर जांच की तो कार की डिक्की और पीछे की सीट में रखें ब्लेंडर प्राइड (750 एम एल) तीन कार्टून कुल 36 बोतल, इम्पीरियल ब्लू (180 एम एल) दो कार्टून कुल 96 बोतल, रॉयल स्टेग (375 एम एल) एक कार्टून कुल 24 बोतल, रॉयल चैलेंज (375 एम एल) एक कार्टून कुल 24 बोतल, इसके अलावे रॉयल चैलेंज (180 एम एल) एक कार्टून कुल 48 बोतल अंग्रेजी शराब को जब्त किया गया। अवैध शराब के संदर्भ में ऑल्टो कार मालिक तथा चालक के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 271/23 दिनांक 15. 11.23 धारा 414/ 272/ 273/ 290/ 34 भादवी और 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गयी है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अनुज उरांव, विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, सअनि मनोज कुमार, विष्णुगढ़ थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## नहाय-खाय के साथ आज शुरू होगा महापर्व



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ आज से शुरू होगा। छठ व्रती आज सुबह नहा धोकर भगवान भाकर का आराधना करेंगे। उसके बाद अपने घरों में कद्दू, चावल, दाल समेत अन्य सब्जी बना कर और खाकर छठ महापर्व का शुरूवात करेंगे। चार दिनों तक चलने वाला महापर्व को लेकर पूरे शहर में साफ सफाई और सजाने का कार्य शुरू हो गया है।

कई जगह पर तोरण द्वार बनाये जा रहे हैं। वही छठ घाट पर भी साफ सफाई अंतिम चरण में है। नगर निगम के कर्मी भी शहर की सड़कों और गलियों को साफ सुथरे करने में जुड़े हैं। शहर का हृदय स्थली कहे जाने वाले झील को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

## तलसवार से उरेज तक सड़क और पुलिया के निर्माण में अनियमितता

**पत्थल कुदुवा के पास पुलिया बनाने की जरूरत नहीं थी: मुखिया**

पिंटू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव।** आजादी के 75 साल बाद स्वतंत्रता सेनानियों के गांव आंगों पंचायत में सड़क व पुलिया का काम हो रहा है। सड़क निर्माण व पुलिया निर्माण कार्य में काफी अनियमित बरती जा रही है। इस संबंध में आंगो पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया नीलम मिंज को जानकारी देते हुए सही तरीके से सड़क व पुलिया के निर्माण करने की मांग की गयी है। योजना बोर्ड में सड़क निर्माण से संबंधित एस्टीमेट और कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी नहीं दी गयी है। जिससे ग्रामीणों में आशंका उत्पन्न हो गयी है। ग्रामीणों द्वारा जब मुंशी से जानकारी ली जाती है, तो उन्हें मुकदमा में फंसा देने की धमकी दिया जाता है।

यह सड़क पूजा कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण की जा रही है। मुखिया नीलम मिंज स्वतंत्रता सेनानी बड़कू मांझी का परपौत्र वधू है। मुखिया मिंज ने तीन बार सड़क निर्माण कार्य और पुलिया का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। तीनों बार ही निर्माण कार्य में अनियमित पायी। मुखिया और ग्रामीणों के अनुसार अंबा टोला से लेकर आंगों गांव तक जाने वाली सड़क में निर्माणधीन चार पुलिया में मसाले में सीमेंट का मात्रा कम है और बालू की मात्रा अधिक है। इसकी जानकारी इंजीनियर रविकांत और संबंधित मुंशी को दी हूं लेकिन अभी तक जांच पड़ताल इंजीनियर द्वारा और नहीं विभाग द्वारा की गयी है। इस संबंध में पूजा कंस्ट्रक्शन के अभिकर्ता से योजना से संबंधित और योजना बोर्ड नहीं लगने से संबंधित के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आकर बतायेंगे।

## महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकनगांगो के ग्राम छुतहरी कटिया में विवेकानंद क्लब, छुतहरी कटिया के द्वारा गोर्वधन पूजा के अवसर पर महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने किया। खेल की टीम में निर्णय नहीं निकलने पर पेनाल्टी शूटआउट के द्वारा हजारीबाग की टीम ने जीत दर्ज की। पूर्व विधायक यादव ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को नगद पुरुस्कार तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर रामधन यादव, प्रदीप प्रसाद केदारनाथ यादव, देवनारायण यादव, महावीर यादव, विरेन्द्र मोदी चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, मुखिया सुखदेव यादव, राजेन्द्र यादव, इंद्रदेव प्रसाद, पंसस मनोज यादव, बाबूलाल यादव, अनिल यादव, दशरथ यादव, राजकुमार नायक, अर्जुन राणा, रामेश्वर यादव उर्फ लालू यादव, बिरेन्द्र यादव, ओमप्रकाश यादव, सहित खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# गौ तस्करी के आरोप में सात गिरफ्तार

**तीन पिकअप वाहन से 18 गाय और 6 बछड़ा बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** जिले के विभिन्न भागों में गौ तस्करी का धंधा जारी है। इस बाबत पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के बाद मरकच्चो थाना क्षेत्र से तीन पिकअप वाहन में लदे 18 गाय और 6 बछड़े बरामद किये गये। वहीं सात लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में विशेष दल का गठन कर रात लगभग 12 बजे वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें दल के सदस्यों के द्वारा तीन पिकअप वाहनों को रोका गया। उनकी जांच करने पर बिना कागजात के परिवहन किया जा रहे गोवंश पशु पाये गये। तीनों पिकअप वाहनों के साथ कुल सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें सोनू कुमार दास (23 वर्ष, मिजार्पुर, जिला अरवल), टुनटुन यादव (32 वर्ष, कोठिया, जिला अरवल), जुमराती कुरैशी (28 वर्ष, बिनोरी, जिला भभुआ), प्रियतम कुमार (21 वर्ष, मरसंढा, जिला जहानाबाद), रोहित कुमार (19 वर्ष, मरसंढा, जहानाबाद), शिवकुमार (23 वर्ष, कुरकुरी जिला अरवल), गौतम कुमार (21 वर्ष, कुरकुरी, जिला अलवर) को गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर विभिन्न धाराओं के तहत मरकच्चो थाना में कांड संख्या 104/23 दर्ज किया गया है।

जांच दल में थाना प्रभारी लव कुमार के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक अनिल टोप्पो और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## टाटीझरिया में मनाया गया रोजगार दिवस




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत भवन में गुरूवार को रोजगार दिवस मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता में मनाया गया। मुखिया ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह गुरूवार को रोजगार दिवस मनाया जाता है जिसमें पंचायत के अंतर्गत कोई भी महिला और पुरूष मनरेगा के तहत रोजगार की मांग कर सकते है। इसके अलावा 24 नवंबर को लगने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने पर भी विचार किया गया। पंचायत के अमनारी और भराजो में इसके लिए व्यापक प्रचार किया जायें ताकि लोग इस कार्यक्रम का लाभ ले सके। बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, रोजगार सेवक अरूण रवि, इब्राहिम अंसारी, रोहित कुमार, दीपक कुमार, प्राण कुम्हार, धीरज कुमार, महिला मंडल भराजो से सरस्वती देवी, हेमंती देवी, देवंती देवी, रिंकी देवी, गीता देवी, फुलमती देवी उपस्थित थे।

## किसानों को मिला रबी फसल का बीज



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नापोखुर्द में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा द्वारा अनुसूचित जनजाति उप परियोजना के अंतर्गत रवि फसल बड़कागांव प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत के इसको गांव और नापोखुर्द में किसानों के बीच गेहूं उन्नत बीज मुफ्त में वितरण मुखिया गणेश साव के नेतृत्व में एफपीओ बड़कागांव प्रगतिशील प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के माध्यम से किया गया। जिसमें मुखिया गणेश साव, मोनिका लकडा, नवनीत कुमार, संजय कुमार, रेशमी देवी, मीना देवी, मनिषा कच्छप, टुन्नी देवी, गीता कुमारी सहित जन प्रतिनिधि और प्रगतिशील के बोर्ड आफ डायरेक्टर और कृषक उपस्थित थे।

## मुखिया ने चलाया छठ घाट में सफाई अभियान



**इचाक (आजाद सिपाही)।** डुमरौन पंचायत के मुखिया चोहन महतो के नेतृत्व में छठ महापर्व को देखते हुए छठ घाट की सफाई की गयी। डुमरौन नया तालाब में पानी अधिक होने के कारण बांस से बेरीकेटिंग कराया गया। वहीं छठ व्रतियों को गंदगी से निजात दिलाने के लिए पूरे घाट की सफाई की गयी। घाट को विद्युत सज्जा से सजाया जा रहा है। मुखिया चोहन महतो ने बताया कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा बहुत शुद्धता से किया जाता है। सफाई अभियान में पंचायत के ग्रामीणों का भी सहयोग रहा। सफाई अभियान में अनिल मेहता, उप मुखिया मनोज मेहता उर्फ टाटा, सन्तोष मेहता, राजकुमार मेहता, सुभाष यादव,विक्रम मेहता, रवींद्र मेहता, संजय मेहता, रंजीत मेहता, उमेश मेहता, मुनीलाल, किशोरी माता, रविंद्र कुमार, ईश्वरी मेहता समेत ग्रामीण शामिल थे।

## पत्रकारों को प्रमुख ने किया सम्मानित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड प्रमुख संतोष मंडल और भराजो मुखिया प्रतिनिधि सह विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय के द्वारा प्रखंड के प्रमुख कार्यालय में पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी पत्रकार को सम्मानित किया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि हमलोंगो को आपलोगों के द्वारा बराबर सम्मान मिलता है तो हमको भी सम्मान देना जरूरी है। आपलोगों के द्वारा ही हमलोगों को बराबर सुचनाएं मिलते रहती है। दिन हो रात मेहनत करके समाचार को छापते है। प्रखंड के पत्रकार मिथलेश पाठक, कुंदनलाल, राजु यादव, रामविलास शर्मा, महेश अग्रवाल, सोनु पांडेय, ज्योतिष पंडा ने प्रमुख संतोष मंडल और उपेंद्र पांडेय को धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह का सम्मान प्रखंड के पहले प्रतिनिधि आपलोग है। इसी तरह सम्मान मिलेगा तो काम करने में मन लगता है। मौके पर डहरभंगा पंसस प्रतिनिधि प्रमेश्वर यादव, सहदेव यादव, मुकेश मंडल, तिलकराज सिंह, डिलेश्वर साव समेत अन्य उपस्थित था।

## गेहूं और सब्जी के बीज नि: शुल्क बांटे गये



**इचाक (आजाद सिपाही)।** महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा महिला किसानों को नि:शुल्क गेहूं और सब्जी बीज वितरण की गयी। इचाक प्रखंड के कुरहा में महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा निशुल्क गेहूं का बीज और सब्जी का बीज महिला किसानों के बीच वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में बीएओ विनोद कुमार रवि और बीपीएम जेएसएलपीएस रंजीत कुमार, सीसी अनीश कुमार और बोर्ड आफ डायरेक्टर के अध्यक्ष अंजू देवी शामिल थी। मौके पर लक्ष्मी देवी, राधा देवी, नीतू देवी, इंदु देवी, उषा देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, लक्ष्मी देवी, सीमा कुमारी, जीटी भारत के निर्भय कुमार और राजीव कुमार, अलौंजा पैक्स अध्यक्ष कंचन प्रसाद मेहता, अनिल कुमार मेहता, नरेश साव, महेश पासवान, बोर्ड के डायरेक्टर अंजू देवी सहित कई किसान उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# सीसीएल कर्मी को अज्ञात अपराधी ने मारी गोली



आजाद सिपाही संवाददाता

**भदानीनगर।** भदानीनगर ओपी अनर्गत मतकामा रेलवे फाटक के समीप गुरुवार को अज्ञात अपराधी ने सीसीएल कर्मी को गोली मार दी, जिसे इलाज के लिए रामगढ़ नईसराय ले जाया गया। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की शाम रामजी मुंडा ड्यूटी से जैसे ही अपने घर के समीप पहुंचते, तभी अचानक अज्ञात अपराधी ने उन पर गोली चला दी, जिसके बाद वह लड़खड़ा कर घर के सामने गिर पड़े। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से रामगढ़ के नई सराय हॉस्पिटल में इलाज के लिए ले जाया गया। सूचना मिलते ही सीडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, पतरातू थाना प्रभारी राजदीप, बासल थाना प्रभारी, घोटुआ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। चिकोर जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया। वहीं इस मामले में वीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ लिया जायेगा।

## प्राइम हॉस्पिटल में सीटी स्कैन सेंटर का विधायक ने किया शुभारंभ

# सीटी स्कैन की सुविधा से मरीजों को मिलेगा लाभः सुनीता चौधरी

सीटी स्कैन से शरीर के बीमारियों को आसानी से पहचान किया जा सकता हैः डॉ दिनेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कैथा स्थित प्राइम हॉस्पीटल में बुधवार को सीटी स्कैन सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि सीएस डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन तानिया कुणाल ने किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर महिला चिकित्सक डॉ मीनू पांडया ने अतिथियों का स्वागत फूलों का गुच्छा देकर किया।

समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिन्हा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, डॉ के एन प्रसाद, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एके बरेलिया, डॉ रीचा रश्मि, डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ राहुल बरेलिया, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ बीके सिन्हा, अनुपमा सिंह, विभन सिंह, पूनम सिंह, अनुपम सिंह, अखिलेश प्रसाद सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, संजीत सिंह, जेपी सिंह, रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विकास बंसल, अरविंद गोयल सहित कई लोग उपस्थित थे।



### इसकी जरूरत लंबे समय से थी

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि प्राइम हॉस्पीटल में सीटी स्कैन मशीन लगने से क्षेत्र के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। इसकी जरूरत रामगढ़ वासियों को लंबे समय से थी। उन्होंने कहा कि समय के साथ रामगढ़ जिला स्वस्थ के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# बीडीओ ने छठ घाट का किया निरीक्षण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मांडू बीडीओ संजय कोनगाडी व सीओ मुदस्सर मंसुरी ने कुजू चौक स्थित बहुचर्चित छठ बड़ा तालाब के घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ व सीओ ने तालाब के गहरीकरण व घाटो की स्थिति की जानकारी छठ पूजा समिति से ली। साथ ही, छठ घाट स्थल के साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व छठ व्रतियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। वही, छठ पूजा के दौरान साफ-सफाई को लेकर छठ पूजा समिति और सीसीएल अधिकारी को कई दिशा- निर्देश दिए। सीओ व बीडीओ ने संयुक्त रूप से बताया कि आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने छठ पूजा समिति के सदस्यों से व्रतियों को सड़क से घाट तक जाने वाले गड्ढे को ठीक करने, बिजली की व्यवस्था करने, छठ घाट की सफाई करने, छठ व्रतियों के कपड़े बदलने के लिए केबिन बनाने का निर्देश दिया। मौके पर छठ पूजा समिति के सचिव लखन प्रसाद, सहसचिव रतन प्रसाद साहू, सीसीएल अधिकारी राकेश मीणा, यमुना पांडेय मौजूद रहे।

# स्कूल के बच्चों ने मनाया बाल दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रूट्स माउंट एमइओ स्कूल सेवटा और किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल दिगवार में देश के प्रथम पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर बाल दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह और उमंग के बीच धूमधाम से मनाया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका परिनीता सिन्हा व प्राचार्य रोजी परवीन ने बच्चो कों बाल दिवस पर शुभकामनायें दी। साथ ही, बच्चों कों बाल दिवस मनाने के उद्देश्य सहित प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति लगाव और विशेषताओ कों बताया। साथ ही, विद्यालय के बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्साहित बच्चों ने जलेबी रेस, चॉकलेट रेस, सुई धागा, बैलून, मैथ क्वेश्चन सोलविंग सहित कई प्रतियोगिताओ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही, सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रूट्स विद्यालय के शिक्षक दिनेश प्रसाद, अनिल प्रसाद, रंजीत साव, अशहर अली, रुपेश मिश्रा, नेहा सिंह, कृतिका कुमारी, सीमा गोस्वामी, दीपिका कुमारी, बिंदु कुमारी, सीमा कुमारी, मंजू शर्मा, इसरत नाज, अंजली पंडा, नीतू सिन्हा, सिमरन सबा, अनिका तिवारी, सृष्टि पांडेय, दिगवार के शिक्षिका निक्की सिंह, विधि शुक्ला, श्रेया शर्मा, जया कुमारी, अंजली कुमारी, प्रीति कुमारी शामिल रहे।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर समाहरणालय में कार्यशाला

# विकास में चौथा स्तंभ अहमः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर गुरुवार को जिला समाहरणालय के सभागार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर जिले के पत्रकारों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डीसी चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार और जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के दौरान डीसी चंदन कुमार ने सर्वप्रथम सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करने वाले आप सभी पत्रकार देश के विकास का एक अहम हिस्सा है।

**कार्यशाला में पत्रकारों ने रखी अपनी-अपनी बातः** कार्यशाला के दौरान जिले के कई मीडिया संस्थानों के पत्रकारों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर अपने-अपनी बातों को रखा। जिसमें ज्यादातर पत्रकारों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सदुपयोग पर जोर दिया। कार्यशाला का संचालन सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन एसएमपीओ विक्रम सोनी द्वारा किया गया।

## हरिहरपुर में श्री श्री सोहराय डायर जतरा मेला का आयोजन

# सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है मेलाः रोशनलाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** हरिहरपुर ( मझलीटांड़ ) में श्री श्री सोहराय डायर जतरा मेला का आयोजन किया गया। मेला में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। मेला का उद्घाटन अतिथि ने फीता काट कर किया। मेले में लोगों ने काफी उत्साह देखा गया। मेले में लोगों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा की डायर जतरा मेला अपनी सभ्यता संस्कृति को बचाये रखने में मेला का महत्वपूर्ण योगदान है। रोशनलाल चौधरी ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजन कर्ताओं को बधाई भी दिया। मौके पर हरिहरपुर मुखिया गीता देवी, पालु पंचायत मुखिया गगांधर महतो, तालाटाडं मुखिया पंचम मुण्डा, समिति भरत कुमार महतो, सुरेश महतो, सुखदेव, रामनरेश, कल देव नाथ महतो, विकास मुण्डा, राजेश महतो, आनंद महतो, अशोक महतो, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुण्डा सहित कई लोग शामिल थे।

# ऋषि निर्वाण दिवस का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** आर्य समाज सह आर्य उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना में ऋषि निर्वाण दिवस आयोजित की गयी। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक सतपाल वोहरा की अगुवाई में आर्य समाज के प्रधान राम शरण महतो के द्वारा हवन कराया गया। हवन के दौरान क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हवन के पश्चात प्रधान ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से संबंधित घटनाओं और यज्ञ के महत्व की जानकारी साझा किया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्रा रानी, कशिश, परिधि, परिणीति ने स्वामी दयानंद सरस्वती से संबंधित भजन प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने की सराहना। मौके पर प्रधानाध्यपिका आशा सिंह, संतोष कुमार, जल छवि चटर्जी, प्रीति सोनल, प्रिया, संगीता, सुषमा, सुभाष सहित दर्जनों छात्र-छात्रा और शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने उपायुक्त से की जलमीनार लगाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुंदा/ चतरा।** जिला के कुंदा प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के सिंदूरी टोला घुजाडीह गांव में नल जल योजना का लाभ नहीं मिलने से इस गांव के ग्रामीण काफी निराश हैं। ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है।

सभी लोग नदी का पानी पीने के लिए विवश हैं। बारिश के दिनों में नदी में बाढ़ आ जाने पर नदी का पानी पीने से अनेक गंभीर बिमारियों से ग्रसित होने का खतरा हमेशा बना रहता है। इस गांव में अभी तक कोई चापानल भी नहीं लगा है। लोगों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए सड़क भी नहीं है। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गांव में रहने वाले सुरेश भोगता, सुरेंद्र भोगता, गणेशी भोगता, अर्जुन भोगता, लहसन भोगता, विकाश भोगता करीमन भोगता, संतोष भोगता, मनोज भोगता, चंदर भोगता, मेघिया देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस गांव में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली अन्य संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।

# बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्रीश्री चित्रगुप्त महापरिवार रामगढ कैंट के तत्वावधान में शहर के बिजुलिया तालाब स्थित श्रीश्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना की गयी। पुजारी सनुज पांडेय ने मुख्य यजमान महामंत्री रोहित वर्मा के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न कराया। दूसरे दिन गुरुवार को समाज के बच्चों के बीच चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चित्रांकन में निधि स्वरूप, अनुभा कौशल, शांभवी सहाय व निबंध प्रतियोगिता में धारा सिन्हा, धन्वी कौशल, अनुराग सिन्हा ने क्रमश प्रथम, द्वतीय व तृतीय स्थान हासिल किया है। सभी प्रतिभागियों को कमेटी के ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंदन सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, महामंत्री राजीव पामदत, कोषाध्यक्ष डॉ रोहित कुमार वर्मा, धनबाद के वैवाहिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक सिन्हा, राजेश कुमार, मोहन प्रसाद सहित महापरिवार के अध्यक्ष दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिन्हा, अनुराग पिंटू लाला, केशव सिन्हा, राजेश कुमार, संजीव कुमार, रविंद्र प्रसाद, विजय सिन्हा, अनिल सिन्हा, प्रभात कुमार, अजीत सिन्हा, अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार, सुधांषू सिन्हा, कौशल किशोर, आसीम सिन्हा, विकेश रंजन, शिवप्रकाश, रवि कुमार, कबीर सिन्हा, मिथिलेश सिन्हा, रवि श्रीवास्तव सहित महापरिवार के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंदन सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, महामंत्री राजीव पामदत, कोषाध्यक्ष डॉ रोहित कुमार वर्मा, धनबाद के वैवाहिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक सिन्हा, राजेश कुमार, मोहन प्रसाद समेत चित्रांश परिवार के लोग मौजूद थे।

# डीसी ने जागरूकता वाहनों को किया रवाना



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से 2 जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहनों द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर 15 या उससे अधिक आयु वर्ग में गैर साक्षर लोगों के बीच साक्षरता को बढ़ावा देने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

# कबरा मुखिया ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कबरा पंचायत मुखिया नीलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा ने पंचायत क्षेत्र के कबरा, वृंदा, किसनपुर, मधवापुर, सिसई, खैल्हा, कटाही मिश्रोल, उरदा स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ घाट स्थल के साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व छठ व्रतियों की सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही छठ घाटों पर गहरे पानी से बचने के लिए बांस से ब्रेकेटिंग करने के निर्देश दिये। वहीं मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने बताया कि आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जर्जर घाटों जल्द नवनिर्माण या मरम्मति कराया जायेगा और समय से पूर्व तालाब और उसके आसपास की सफाई करा लिया जायेगा। इस मौके पर अजय साव, अनु विश्वकर्मा समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# विधायक ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सांकुल में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद कहा कि पढ़ाई के साथ खेल कूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्र में इस तरह का टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। मौके पर सैकड़ो की संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर डीसी ने पत्रकारों को किया सम्मानित

# सुरक्षा के प्रति प्रशासन संवेदनशील रहा हैः अबु इमरान

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जिला सूचना और जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में कृत्रिम मेधा (आर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स) विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। उपायुक्त सहित पत्रकारों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया' विषय पर आयोजित चर्चा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उपायुक्त अबु इमरान ने वर्तमान दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते दखल और मीडिया में कृत्रिम मेधा के प्रभाव पर भी अपनी राय रखते हुए कहा की आज के समय में कृत्रिम मेधा मीडिया के अलावा जनसंचार के सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने इसके सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि तकनीकी के इस बढ़ते युग मे स्वच्छ और बिना बाहरी तत्वों के प्रभाव में आये कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप के बीच प्रतिस्पर्धा पर भी प्रकाश डाला। जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार ने कृत्रिम मेधा को समझाने के लिए समय समय पर मीडिया में चर्चित घटनाओं पर अपनी बातें रखी। डीआरडीए के निदेशक अरुण एक्का के अलावा कई पत्रकारों ने भी चर्चा में हिस्सा लेते हुए इस पर अपना पक्ष रखा। इस मौके पर जिले से उपस्थित सभी पत्रकारों को उपहार के तौर पर कलम, डायरी और शॉल देकर उपायुक्त और अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जिले में कार्यरत विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला जनसंपर्क कार्यालय के शशिकांत कुमार, राजेश कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सांसद के निर्देश पर छठ घाटों का निरीक्षण

**हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)।** सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। हंटरगंज बाजार छठ घाट का निरीक्षण हंटरगंज सांसद प्रतिनिधि प्रोफेसर जैनेंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी सनोज चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री सह उद्योगपति युगल किशोर सिंह, स्थानीय मुखिया बृज किशोर सिंह, समाजसेवी मुकेश गुप्ता भाजपा नेता मुन्ना सिंह, रोशन सिंह, पिंटू गुप्ता, पवन कुमार आदि उपस्थित थे। विभिन्न छठ घाट की साफ सफाई के लिए कल से जोरदार अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

पूर्व तट रेलवे
निविदा सूचना सं.37-SBP-TRD-OT-2023-24, दिनांक : 10.11.2023
कार्य का नामः अमृत भारत स्कीम के अधीन सम्बलपुर सिटी एवं झारसुगुड़ा रोड स्टेशन में प्लेटफॉर्म एवं अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेल्टर का उन्नयन, प्लेटफॉर्म का विस्तार/ऊँचा करना, 12 मीटर चौड़ाई युक्त फुट ओवर ब्रिज(FOB) के प्रावधान हेतु इलेक्ट्रिकल TRD कार्य।
अनुमानित लागत (रुपये में) : 45,55,194.40, EMD (रुपये में) : 91,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 08 महीने।
निविदा बंद होने की तिथि व समयः दिनांक 04.12.2023 को 1530 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का पुनःअवलोकन करें।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर
PR-782/O/23-24

# पवित्रता के नाम पर

गृह मामलों से जुड़ी संसदीय समिति ने सरकार से यह सिफारिश की है कि एडल्टरी (व्याभिचार) को फिर से अपराध घोषित किया जाये। ध्यान रहे, पांच साल पहले तक अपने देश में एडल्टरी को आइपीसी की धारा 497 के तहत अपराध ही माना जाता था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यों वाली बेंच ने फैसला दिया कि इसे कानूनन अपराध नहीं माना जा सकता और न ही माना जाना चाहिए। अब जब संसदीय समिति ने इसे फिर से अपराध की श्रेणी में रखने की जरूरत बतायी है, तो सवाल उठता है कि इन पांच सालों में आखिर ऐसा क्या बदल गया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ठोस वजह बतायी थी इस कानून को निरस्त करने की। उसका कहना था कि 163 साल पुराना, औपनिवेशिक काल का बना यह कानून पति को पत्नी का मालिक मानने की अवधारणा पर आधारित है। दिलचस्प है कि संसदीय समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में प्रस्तावित प्रावधान को जेंडर न्यूट्रल रखने की जरूरत बतायी है, जिसका मतलब है कि परोक्ष रूप से वह भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की भावना से सहमत है। फिर भी अगर वह एडल्टरी को अपराध मानने की वकालत कर रही है, तो इसके पीछे उसकी मुख्य दलील यही है कि भारतीय समाज में विवाह संस्था को काफी पवित्र माना जाता है और इसकी पवित्रता को सुरक्षित रखने की जरूरत है। मगर एडल्टरी को अपराध घोषित करने से विवाह की पवित्रता कैसे बरकरार रहती है, यह बात संसदीय समिति भी नहीं बताती। किसी शादी का सबसे बड़ा आधार है विश्वास और आपसी प्रेम। विवाह की सफलता के ही लिए नहीं, उसकी पवित्रता के लिए भी जरूरी है कि ये दोनों आधार सुरक्षित रहें। अगर किसी वजह से ये आधार टूटते हैं, आपसी प्रेम भाव में कमी आती है या किसी एक पार्टनर के मन में अविश्वास पनपता है, तो क्या सजा पाने के डर से उस शादी को जबरन बनाये रखना शादी की पवित्रता कायम रखना है? क्या यह सुनिश्चित करना सबके लिए बेहतर नहीं है कि शादी जब तक रहे, तब तक उसमें प्यार और विश्वास बना रहे और जब इसमें कमी आये, तो जबरन ढोते रहने के बजाय इस रिश्ते को आसानी से उसके स्वाभाविक अंजाम की ओर बढ़ने दिया जाये, ताकि उसके बाद भी जीवन किसी के लिए बोझ न बने? संभवतः इसी सोच और भावना के तहत सुप्रीम कोर्ट ने 2018 के अहम फैसले में कहा था कि एडल्टरी सिविल ऑफेंस का आधार जरूर हो सकता है, इसे तलाक का आधार बनाया जा सकता है, लेकिन क्रिमिनल ऑफेंस नहीं माना जा सकता। हमें समझना चाहिए कि भारतीय समाज एक निरंतर गतिशील समाज है, तभी यह पांच हजार वर्षों की अपनी परंपरा के साथ आगे बढ़ता रहा है। विवाह या किसी भी संस्था की कथित पवित्रता के नाम पर इस समाज की गति को अवरुद्ध करने की जानी अनजानी कोशिशों से हमें खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है।

**हमें समझना चाहिए कि भारतीय समाज एक निरंतर गतिशील समाज है, तभी यह पांच हजार वर्षों की अपनी परंपरा के साथ आगे बढ़ता रहा है। विवाह या किसी भी संस्था की कथित पवित्रता के नाम पर इस समाज की गति को अवरुद्ध करने की जानी अनजानी कोशिशों से हमें खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कई विरोधाभासों के बाद भी ये सभी विपक्षी दल एकजुट रहने का स्वांग क्यों कर रहे हैं? इसके दो कारण हैं। पहला, उनका एकमात्र लक्ष्य किसी भी सूरत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाना है। इसी कारण उनकी नीतियां भी भारत-विरोधी हो जाती हैं। भारतीय उपमहाद्वीप सदियों से इस्लामी आतंकवाद का शिकार रहा है। जब हमास के हालिया भयावह जिहादी हमले के बाद इसराइल ने प्रतिक्रिया स्वरूप अपनी सैन्य कार्रवाई शुरू की, तब भारत सरकार ने इसका पुरजोर समर्थन किया। इसके उलट, 16 विपक्षी नेताओं (कांग्रेस-वामपंथी सहित) का एक समूह दिल्ली में 16 अक्टूबर को फिलिस्तीनी दूत से मिलने चला गया।**

# क्या है विपक्षी एकता का भविष्य

**बलबीर पुंज**



राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव के परिणाम क्या होंगे, यह 3 दिसंबर को मतगणना के बाद स्पष्ट हो जायेगा। उस दिन यह भी पता चल जायेगा कि आइएनडीआइ गठबंधन का भविष्य क्या हो सकता है। एक बात स्पष्ट है कि इस विपक्षी गठजोड़ को लोकसभा चुनाव से पहले कई चुनौतियों से पार पाना होगा। कुछ दिन पहले जो विपक्षी कुनबा एकता की बात करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहा था, उसमें वर्तमान विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर सिर-फुटौव्वल सड़क पर आ गया। मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी गठबंधन करना चाहती थी।

इस पर कांग्रेस ने मुंह मोड़ लिया, तब सपा ने न केवल 70 से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिये, अपितु पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने अपनी चुनावी सभाओं में अन्य विरोधियों की भांति कांग्रेस पर भी जम कर कटाक्ष करना शुरू कर दिया। मनमुटाव इतना बढ़ गया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पत्रकारों के अखिलेश संबंधित सवाल पर कह दिया, अरे भाई छोड़ो, अखिलेश वखिलेश। इससे पहले दिल्ली-पंजाब में आप-कांग्रेस, तो पश्चिम बंगाल के वामपंथी, तृणमूल और कांग्रेस के नेताओं के बीच जुबानी जंग हो चुकी है। मध्य प्रदेश में सपा-कांग्रेस के टकराव का प्रभाव उत्तर प्रदेश में पड़ना स्वाभाविक है। अखिलेश यादव कह चुके हैं कि यदि प्रदेश में गठबंधन हुआ, तब भी उनकी पार्टी 80 में से 65 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, तो इसके जवाब में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कह दी। बाद में अखिलेश ने अजय को चिरकुट कह कर संबोधित कर दिया।

**वास्तव में, भारत बीते 2014 से एक वांछित परिवर्तन से गुजर रहा है।**

बात केवल यहीं तक सीमित नहीं। छद्म-सैकुलरवादियों की विभाजनकारी राजनीति, जिसमें अक्सर मुसलमानों को इस्लाम के नाम पर एकजुट और हिंदुओं को जातियों के नाम पर विभाजित किया जाता है, उसके अनुरूप कांग्रेस और उसके शीर्ष नेता (राहुल गांधी सहित) खुल कर जातीय जनगणना की मांग करने लगे, तो वहीं मुस्लिम तुष्टीकरण को बढ़ावा देने हेतु इसराइल-हमास युद्ध में फिलिस्तीन का समर्थन कर दिया, परंतु अखिलेश ने मध्य प्रदेश की एक चुनावी सभा में कांग्रेस की पोल खोलते हुए कह दिया कि कांग्रेस जातीय जनगणना का समर्थन इसलिए कर रही है, क्योंकि उसके पारंपरिक मतदाता छिटक गये हैं।

यह ठीक है कि सदियों से हिंदू समाज अस्पृश्यता से अभिशप्त है और इसके परिमार्जन हेतु एक लंबा संघर्ष भी किया गया, जिसमें अब भी काफी कुछ किया जाना शेष है, परंतु वर्तमान दौर में स्वयंभू सैकुलरवादियों द्वारा जातीय जनगणना से सामाजिक विषमता दूर करने की बात मात्र छलावा है। इनका वास्तविक उद्देश्य समरसता की बजाय टकराव को बढ़ावा देना है। जिन वंचितों का हितैषी होने का दम यह राजनीतिक कुनबा भरता है, उनके प्रति इस जमात का आचरण कैसा है, इसका उदाहरण बिहार के विधानसभा सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री और महादलित समाज के वरिष्ठ नेता जीतन राम मांझी पर बिफरने में मिल जाता है। मांझी शालीन भाषा में आरक्षण व्यवस्था की जमीनी सच्चाई के बारे में बता रहे थे, तभी नीतीश अपना आपा खो बैठे और शब्दों की मर्यादा भूल गये। इससे पहले नीतीश ने विधानसभा और विधानपरिषद में महिलाओं को लेकर बहुत ही असहज वक्तव्य दिया था। जन्मदर से संबंधित चर्चा में जिस सड़कछाप भाषा का इस्तेमाल नीतीश ने किया, उसने न केवल महिलाओं की गरिमा पर गहरा प्रहार किया, बल्कि आइएनडीआइ गठबंधन की मानसिकता को भी उजागर कर दिया। विवाद बढ़ने पर मुख्यमंत्री नीतीश ने अपनी अभद्र टिप्पणियों के लिए माफी तो मांग ली, परंतु प्रदेश में उनके मुख्य सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेता और उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नीतीश का बचाव करते दिखे। इस विपक्षी गठबंधन की हिंदू विरोधी मानसिकता भी सर्वविदित है।

रामचरितमानस और बद्रीनाथ के बाद आइएनडीआइ गठबंधन और सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने दीपावली के अवसर पर करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर पुनः कुठाराघात करते हुए मां लक्ष्मी पर अपमानजनक टिप्पणी कर दी। इससे पहले इसी गठबंधन के एक मुख्य घटक द्रमुक ने सनातन धर्म को समाप्त करने का आह्वान किया था, जिसे कांग्रेस के कई नेताओं का भी समर्थन प्राप्त था।

कई विरोधाभासों के बाद भी ये सभी विपक्षी दल एकजुट रहने का स्वांग क्यों कर रहे हैं? इसके दो कारण हैं। पहला, उनका एकमात्र लक्ष्य किसी भी सूरत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाना है। इसी कारण उनकी नीतियां भी भारत-विरोधी हो जाती हैं। भारतीय उपमहाद्वीप सदियों से इस्लामी आतंकवाद का शिकार रहा है। जब हमास के हालिया भयावह जिहादी हमले के बाद इसराइल ने प्रतिक्रिया स्वरूप अपनी सैन्य कार्रवाई शुरू की, तब भारत सरकार ने इसका पुरजोर समर्थन किया। इसके उलट, 16 विपक्षी नेताओं (कांग्रेस-वामपंथी सहित) का एक समूह दिल्ली में 16 अक्टूबर को फिलिस्तीनी दूत से मिलने चला गया।

दूसरा, आज अधिकांश विरोधी दलों का दामन भ्रष्टाचार-कदाचार के आरोपों से दागदार है। तृणमूल कांग्रेस नेताओं पर शिक्षक भर्ती सहित सारधा-रोजवैली चिटफंड आदि घोटालों का आरोप, राजद नेतृत्व पर बेनामी संपत्ति, रेलवे परियोजना आबंटन में वित्तीय गड़बड़ी और आइआरसीटीसी घोटाले का आरोप, ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक जांच की आंच पहुंचना और कांग्रेस में राहुल-सोनिया हजारों करोड़ के नेशनल हेराल्ड वित्तीय कदाचार मामले में जमानत पर बाहर हैं। गत दिनों ही दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ हेतु समन भेजा, तो उनके दो पूर्व मंत्री पहले से जेल में हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं।

वास्तव में, भारत बीते 2014 से एक वांछित परिवर्तन से गुजर रहा है। इसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था में देश का 10वें से चौथे स्थान पर पहुंचना, भारतीय हितों को सर्वोपरि रखना, श्रीराम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम आदि के रूप में देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण करना और धारा 370-35ए का संवैधानिक क्षरण इत्यादि शामिल हैं। क्या कांग्रेस सहित मोदी-विरोधी दल यह बता सकते हैं कि मोदी सरकार ने ऐसा क्या नहीं किया, जो उसे बीते साढ़े 9 वर्षों में करना चाहिए था या उसने ऐसा क्या कर दिया है, जिसे पुरानी स्थिति में लौटाना अत्यंत आवश्यक हो गया है? इन प्रश्नों के उत्तर में भी आइएनडीआइ गठबंधन का भविष्य निहित है।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार, पूर्व राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय-उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# देश के लाल शहीद करतार सिंह सराभा के बलिदान को शत-शत नमन : काले

### देश करतार सिंह सराभा की स्मृतियों को संजोकर रखेगा : बृजभूषण सिंह

**नमन परिवार ने करतार सिंह सराभा को दीं श्रद्धांजलि**

**भारत माता के जयकारों से गूंजा नमन कार्यालय**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन परिवार द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी करतार सिंह सराभा की पुण्यतिथि पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं, महिलाओं और कई गणमान्यों की उपस्थिति में उन्हें याद करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा करतार सिंह सराभा को अपने शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। उनके शौर्य एवं बलिदान की मार्मिक गाथा आज भी भारतीयों को प्रेरणा देती है और देती रहेगी। यदि आज के युवा सराभा के बताये हुए मार्ग पर चलें, तो न केवल अपना, अपितु देश का मस्तक भी ऊंचा कर सकते हैं। ऐसे क्रांतिकारियों की जीवन से आज की युवा पीढ़ी को मातृभूमि की रक्षा की सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने कहा कि देश की आजादी हेतु करतार सिंह सराभा जी ने मात्र 19 वर्ष की उम्र में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश के युवाओं में राष्ट्रप्रेम की एक अलग ही लौ जला दी थी। देश हमेशा अपने नायक, क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा की स्मृतियों को संजोकर रखेगा। इस कार्यक्रम में रामकेवल मिश्रा, जसवंत सिंह भोमा, पप्पू राव ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरुण कुमार, सतिंदर सिंह रोमी, लखिंदर सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, प्रमिला शर्मा, किरन सिंह, बंदना नामता, पुतुल सिंह, मिनी सिंह, लख्खी कौर, ममता पुष्टि, ममता कपूर, ममता साहा, सावित्री देवी, नमिता उपाध्याय, संध्या रानी महतो, शुक्ला हलदर, सीता देवी, सुनीता सिंह, बबली सोनम, मंताशा खान, गौहर खान, कुसुम लता देवी, सोनी सिंह एवं अन्य सैकड़ों युवाओं ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# पुआल टाल में आग लगने की सूचना पर पहुंचे विधायक

### पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों शहर के बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी रोड नंबर 4 के पास रामजी सिंह के पुआल टाल में आग लगने से परिवार को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। गुरुवार को जानकारी मिलने पर पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने जली हुई पुआल टाल का निरीक्षण कर सहयोग करने का आश्वासन दिया। विधायक ने पीड़ित परिवार को अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराने की बात कही। ताकि उचित मुआवजा परिजनों को दिलवा सके। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार के साथ इंद्रजीत सिंह, अजीत सिंहा, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य राजू, राहुल प्रजापति, सहित अन्य शामिल रहे।

## डीसी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

# नकारात्मक व सकारात्मक पत्रकारिता तथ्यों व आंकड़ों के आधार पर करें, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**सरायकेला।** राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जिला समाहरणालय में पत्रकारिता की चुनौती विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित संगोष्ठी में जिले के विभिन्न संस्थानों के पत्रकार मौजूद रहे। जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मंच का संचालन डीपीआरओ सुनील कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीसी रवि शंकर शुक्ला ने जिले के पत्रकारों को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने वर्तमान पत्रकारिता के दौर में कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते चलन को एक चुनौती बताया। डीसी ने कहा इसका प्रयोग आज के दौर के पत्रकारों को सावधानी पूर्वक करने की जरूरत है। इसके सकारात्मक परिणाम जरूर होते हैं और ज्यादातर खतरा बना रहता है। उन्होंने पत्रकारों को किसी भी तरह के रिपोर्ट में खबरों की पुष्टि करने के बाद ही प्रसारित करने की अपील की। डीसी ने जिले के पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा नकारात्मक व सकारात्मक पत्रकारिता जरूर करें। तथ्यों व आंकड़ों के आधार पर करें। ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यशाला में प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने पत्रकार सुरक्षा कानून व पत्रकार बीमा के मुद्दे को जोर-सोर से उठाया।इसपर डीसी ने वरीय पदाधिकारी से बात कर वस्तु स्थिति जानकारी देने का भरोसा दिलाया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार सचिंद्र कुमार दास ने प्रेस एक्रीडेशन में आ रहे परेशानियों का मुद्दा उठाया। इस पर डीसी ने सूचना और जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया। कार्यशाला के बाद प्रेस क्लब के सदस्यों ने डीसी को मुख्यमंत्री के नाम एक 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस पर डीसी ने भरोसा दिलाया उनकी मांगों को मुख्यमंत्री सचिवालय तक प्रेषित कर दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया उनके कार्यकाल में जिले के पत्रकार निर्भीक होकर निष्पक्ष पत्रकारिता करें। पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन, सुमंगल कुंडू (केबु), प्रमोद सिंह, रमजान अंसारी, लखिन्द्र नायक, उपेन महतो, हिमांशु गोप, उमाकांत प्रधान, प्रताप मिश्रा, लाल बहादुर शास्त्री, सुरेंद्र सोरेन, बसंत साहू, सचिन मिश्रा, विजय साहू, के. दुर्गा राव, मनीष कुमार, विपिन वार्ष्णेय, सुमित सिंह, रासबिहारी मंडल, मधुसूदन सिंह, गोलक बिहारी, शुभाशीष मुखर्जी, रविकांत गोप, चंद्रशेखर, पारस होता, नंदन उपाध्याय, शशांक प्रधान सहित अन्य मौजूद रहे।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर 35 छात्र हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती, झारखंड राज्य स्थापना दिवस व देश वंदना पर्व के अवसर पर राहरगोड़ा हाई स्कूल में छात्रों को सम्मानित व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत के नेतृत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति सह समाज सेवी संजय पालसानिया शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर क्षेत्र के आदिवासी ट्राइबल मैट्रिक पास 35 छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उड़ीसा, बंगाल व झारखंड के झूड कोयल मेलोडी आर्केस्ट्रा सिंगर व एक्टरों के द्वारा नृत्य व गीत प्रस्तुत की गई।बुधवार को आयोजित कार्यक्रम रात्रि 9:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक चली। इस अवसर पर दूर दरबार से सैकड़ो लोग मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान संथाली, हो, मुंडा गाने व नृत्य से क्षेत्र के सभी ग्रामीण झूम उठे। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, राहड़गोड़ा ग्राम प्रधान गुना हेंब्रम, जितेन गोराई, राजकुमार पासवान, भगवान शर्मा, जे पी गौड़, बेचन चौधरी, मुखिया शिवलाल लोहरा, नरसिंह सिंह, हराधन साहू, जोगिंदर तिउ, लडडू सिंह, भूपती सरदार, चारुचंद्र हेमब्रम, सुबोध बारदा, सरिता बारदा,जीरा पूर्ति, सुरमी पूर्ति, सुनिता पूर्ति, सुसारी मड़की, उषा सबीना देवगम, सयंती सरदार, भोला ठाकुर, शशि, सामेश्वर उरांव, कश्मीर, अनूप, सोनामनी बोदरा,सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# लोक समर्पण ने छठ घाटों में श्रमदान कर चलाया सफाई अभियान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था व सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर के लोगों में काफी उत्साह देखी जा रही है। गुरुवार को शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास के नेतृत्व में बाबूडीह स्थित झरना घाट, बारा घाट, लाल भट्ठा व भुइयांडीह घाट में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। लोक समर्पण के सदस्यों ने घाट पर झाड़ू लगाकर कुड़ा-कचरा को सफाई किया। इस दौरान घाट जाने वाले रास्ते व नदी किनारे वाले क्षेत्र को व्यापक सफाई की गई। मौके पर लोक समर्पण के सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, रूपेश साहू, सुभाष मुखी, दीपक सिंह, प्रदीप दूबे, अमृत सिंह, रितेश दत्ता के अलावे भाजपा सीतारामडेरा मंडल के महामंत्री मृत्युंजय यादव, जिला मंत्री मिथिलेश साव, जयराज रजक, लोहा यादव, धनराज गुप्ता, प्रकाश ठाकुर, संतोष साव, कुलदीप साव समेत अन्य शामिल रहे।

# रंका में ट्रक चालक को लूटनेवाले दो आरोपियों को पुलिस ने धर-दबोचा

ट्रक ड्राइवर के साथ घटित हुई थी लूट की घटना

लिखित आवेदन के बाद 12 घंटे के अंदर हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढवा।** गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत हूरदाग गांव में ट्रक ड्राइवर से लूट की घटना बीते बुधवार को दो अज्ञात अपराधियों द्वारा किया गया। लूट की घटना के बाद वादी अरविंद कुमार यादव बिहार के गया जिला जमुनियाटांड़ निवासी के द्वारा रंका थाने में आवेदन दर्ज कराया। घटना के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक



गढ़वा दीपक कुमार पांडे के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर घटना में शामिल दो अज्ञात अपराधीयों को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई करते हुए कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों युवक हुरदाग निवासी आदित्य राम के पुत्र विकास कुमार कंचनपुर निवासी विजय राम के पुत्र सुमित कुमार उर्फ बिट्टू कुमार के द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। बताया जाता है कि अपराध कर्मियों द्वारा लूटपाट करने के उद्देश्य से ग्राम हूरदाग जंगल में पिस्तौल का भय दिखाकर वादी के साथ लूटपाट किया गया। जिसमें अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा काला रंग का बजाज पल्सर बाइक और लूटे गये 5300 सौ रुपये और एक रियलमी का स्मार्ट फोन को जब्त किया गया। साथ ही अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा पुलिस अवर निरीक्षक पिंकू कुमार कृष्णा राजभर हवलदार डोमन मोची आरक्षी सोमनाथ सिंह हरे कृष्ण कुमार का नाम शामिल है।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन

# एआइ के युग में मीडिया पर चुनौती बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपायुक्त समेत सेमिनार में उपस्थित उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय और सभी पत्रकारों द्वारा मीडिया के जनक कहे जाने वाले श्री नारदमुनि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया गया। सेमिनार में उपस्थित पदाधिकारियों और पत्रकारों द्वारा कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर अपने-अपने विचार को




प्रकट किया गया। सेमिनार में जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय द्वारा सभी का स्वागत और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सेमिनार में उपायुक्त द्वारा संबोधित करते हुए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दिया गया। सेमिनार में उपायुक्त ने कृत्रिम मेधा विषय पर चर्चा करते हुए कई प्रमुख बातें कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस) का दौर है। हमे समय अनुसार अपने आप को परिवर्तित करने की आवश्यकता है। हम आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस की सहायता से बहुत कम समय में किसी भी कार्य को कर सकते है। आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस से आज कोई भी अछूता नही है, छोटे बच्चे भी मोबाइल और कंप्यूटर फ्रेंडली हो गये है, जो आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस का इस्तेमाल और भी अच्छे से कर रहे है। मीडिया के क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस का महत्व बढ़ा है। इसकी सहायता से समाचार संकलन कर उसे आसानी से तैयार कर हम तक पहुंचाया जा रहा है। सेमिनार में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस विषय पर अपना विचार रखा गया। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से हमे काफी फायदा हुआ है एवं इसके कुछ नुकसान भी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से बड़े और जटिल डेटा को गणना और विश्लेषण कर सकता है, जिससे नए और प्रभावी समाधान निकल सकते हैं। मौके पर कई पत्रकारों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कई मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के बलियारी पंचायत स्थित किशुनराज पुब्लिक हाई स्कूल बलियारी में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से 96 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विदित हो कि बालदिवस के अवसर पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया था। भ्रमण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावें विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी को बिहार के बोधगया ले जाकर एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसका बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया। भ्रमण के दौरान बच्चों को भगवान गौतम बुद्ध का मुख्य मंदिर, बोधि वृक्ष, जापानी बौद्ध मंदिर, तिब्बती बौद्ध मंदिर, भगवान बुद्ध का स्तूप, तथा




बोध गया स्थित जगरनाथ मंदिर का भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य नवनीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि विद्यालयों के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है, ऐसे आयोजन से बच्चे भ्रमण तो करते ही हैं उसके साथ साथ उन्हें भारत के महापुरुषों के विषय में जानने का अवसर मिलता है। भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक प्रकाश दुबे, अभिषेक दुबे, राजीव रंजन दुबे, कृष्णा राम नगमा, सृष्टि रोजाना और लवली सहित विद्यालय के बच्चों ने भ्रमण में भाग लिया।

# छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित सुप्रसिद्ध नारायण वन के सूर्य मंदिर प्रांगण में गुरुवार को छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में की गयी। इस अवसर पर रेंजर प्रमोद कुमार ने कहा कि नारायण वन का क्षेत्र वन परिसर में आता है ऐसी स्थिति में इस मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने तथा मंदिर का विकास कराने के लिए मेरे द्वारा प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में जल्द ही पेयजल, स्नान आदि की समस्या दुर होगी। मंदिर परिसर में पौधरोपण और सुंदरीकरण का कार्य भी कराया जायेगा। वहीं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि मेला परिसर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेंगी।

उन्होंने कहा की छठ घाट और मेला परिसर का सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखा जायेगा। उन्होंने कहा की चैन स्नैचिंग करने वाले गिरोह और असमाजिक तत्वों पर भी पुलिस और वोलेंटियर नजर रखेगी। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा की पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पंचायत समिति मद से जलमीनार लगाया जायेगा। और मंदिर कमिटी द्वारा तालाब निर्माण और चेकडैम निर्माण सहित अन्य बिंदुओं को लेकर जिला में आवाज उठाऊंगी। इस मौके पर निगरानी समिति के रामेश्वर प्रसाद सिंह, बबलू सिंह, पंकज सिंह, मंदिर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, नगीना वियार, शिवबरन साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पीएम के दौरे के कारण कार्यक्रम में नहीं हो सका सम्मिलित : मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के टाउन हॉल के मैदान मे झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे उन्हें मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होना था। लेकिन खुटी और रांची में पीएम का कार्यक्रम था। इसलिए उन्हें हेलीकाप्टर से उड़ने की इजाजत नही मिल सकी। जिसके चलते वे



कार्यक्रम में शामिल नही हो सके। उक्त बाते स्थानीय विधायक सह सूबे के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा। उन्होंने अपने कार्यक्रम का लिस्ट शेयर करते हुए बताया कि मुझे खेद है की मैं आपलोगो के बीच नही पहुंच सका।

# तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के मरदा गांव स्थित बखार दोहर तालाब में डुबने से एक व्यक्ति की हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार मरदा गांव निवासी साधु चरण भुइयां उम्र 48 वर्ष पिछले मंगलवार से अपने घर से लापता था परिजनों के द्वारा लापता व्यक्ति की खोज रिश्तेदार समेत अन्य जगहों पर किया जा रहा था परंतु गुरुवार को मृतक के घर से 1 किलोमीटर दूर स्थित बखार दोहर तालाब में तैरता हुआ स्व देखा गया जिसकी सूचना भंडरिया थाने को दिया गया भंडरिया पुलिस व पंचायत के मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बीरबल भुईयां की मौजूदगी में स्व को पानी से निकलने के बाद उसकी पहचान साधु भुईयां के रूप में किया गया तालाब से निकले स्व को पुलिस कब्जे में करते हुए अंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा।

# चिरका टीम ने चिनिया को 4-2 से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चिनिया नगर इकाई द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती पर चिरका आईटीआई के मैदान में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से अभाविप प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन, प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी, विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी, विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ल, मौजूद रहे। प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए अभाविप प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे जननायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक व राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। वे क्रांतिकारी अपराजेय योद्धा और लोकनायक के रूप में लोगों के दिलों में आज भी बसते हैं। प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा



किभारत वीर सपूतों, वीरांगनाओं की धरती है। उलिहातू गांव में सुगना मुंडा व करमी मुंडा के घर में बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था। किसानों के शोषण के विरुद्ध लगान माफी के लिए बिरसा ने बड़ा आंदोलन किया। स्वायत्तता और संस्कृति बचाने के इस आंदोलन को उलगुलान का नाम दिया गया। विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी ने बिरसा मुंडा के जीवन का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि आज के युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज और देश के लिए आगे आने की जरूरत है। अभी समाज और देश को असामाजिक तत्वों से जनजाति समाज के लोगों को कई प्रकार के खतरे हैं। बिरसा मुंडा की बलिदानी आजाद भारत में व्यर्थ नहीं जायेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग प्रमुख डा सत्यदेव पांडेय, जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी, जिला सह संयोजक शुभम तिवारी, शुभेंद्र दुबे, पंकज चौबे, सचिन चौबे,सुगंध बघेल, नगर मंत्री चिनिया नीतेश यादव, नगर सह मंत्री मोहित गुप्ता,रवि प्रसाद, अभिमन्यु प्रसाद, शिवम पासवान सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक संपन्न

# तीन मुखिया का पंचायत सदस्य के रूप में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम तीन पंचायत के मुखिया का पंचायत समिति सदस्य के रूप में चयन लॉटरी के माध्यम से की गयी। जिसमें ग्राम पंचायत चितविश्राम की मुखिया सनिधा सोनी, ग्राम पंचायत नरही के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर और ग्राम पंचायत हलिवंता कला की मुखिया सविता देवी का चयन किया गया। इसके बाद बैठक में विभागवार समीक्षा की गयी। उन्होंने मनरेगा योजनाओं की जांच के लिये शीघ्र टीम का गठन कर जांच कराने का निर्देश दिया। साथ ही भोजपुर पंचायत से मजदूरों का लगातार हो रहे पलायन को रोकने के लिये आवश्यक कदम उठाने का भी निर्णय लिया



गया। बैठक में बीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित किये जाने वाले सभी कैंप में जनप्रतिनिधि के अनिवार्य भूमिका सुनिश्चित की जाने, यक्ष्मा के मरीजों को जनप्रतिनिधि द्वारा गोद लिये जाने और उनको फूड बास्केट उपलब्ध करवाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य को अति शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि सभी शिक्षकों का वेतन बायोमेट्रिक के आधार पर ही दिया जाता है, अगर शिक्षक स्थानीय गांव से ही हैं तो अनिवार्य रूप से उन्हें दूसरे गांव के विद्यालय में स्थानांतरित करने की कार्रवाई की जायेगी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पूर्व सभी मुखिया अपने पंचायत सचिवालय में बैठक अनिवार्य रूप से करेंगे। बैठक में प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, पंचायत समिति सदस्य मृदुल द्विवेदी, लालो, चिंतामणि, कृष्णा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मेराल प्रखंड में छठ घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य युद्ध स्तर पर

**मेराल (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई और सजावट का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। प्रखंड मुख्यालय के सरस्वतीया नदी शिव मंदिर छठ घाट, अस्पताल चौक छठ घाट, नेनुआ मोड छठ घाट, मुडल टोला युरिया नदी छठ




घाट, स्टेशन रोड शिववाला तालाब छठ घाट सहित सभी 20 पंचायत के छठ घाटों पर साफ सफाई का कार्य जोरों पर है। संगवरिया में डॉ अनिल साह के घर के समीप स्थित तलाब की साफ सफाई छठ पूजा समिति के लोगों द्वारा की गई। समिति के अध्यक्ष पंचानंद विश्वकर्मा ने कहा है की छठ पूजा को लेकर छठ घाट की साफ सफाई की गई। गत वर्ष की भांति यहां भव्य रूप से छठ पूजा की जाएगी साथ ही भव्य भक्ति जागरण की प्रस्तुति टी सीरीज के गायक रह चुके राजमुनी व्यास और उनकी टीम के द्वारा दी जायेगी। साफ सफाई तथा सहयोग करने वालों में बसपा नेता वीरेंद्र साव, राजकुमार साह, चंदू प्रसाद, नवीन कुमार, साधु साह, संजय साह, आयुष कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# दूसरे दलों को छोड़ कर आये कार्यकर्ताओं ने एआइएमआइएम पार्टी का दामन थामा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान के नेतृत्व में तथा जिला युवाध्यक्ष मोजहिम अंसारी की अध्यक्षता में काफी संख्या में दूसरे दलों को छोड़ कर आये कार्यकर्ताओं ने एआईएमआईएम पार्टी का दामन थामा। जिसमें बिरिछ भुईयां, बिगन भुईयां, उमेश विश्वकर्मा, रामप्रवेश रवि, राम जी भुईयां, धनजय भुईयां, नरेश भुईयां, कृष्णा विश्वकर्मा, उमेश चंद्रवंशी, अर्जुन भुईयां, रवींद्र भुईयां, नाथून भुईयां, फौजदार भुईयां, बदन भुईयां, बबलू विश्वकर्मा, राहुल भुईयां, उपेंद्र भुईयां, मुकेश भुईयां, परेमान भुईयां, महेंद्र भुईयां, के साथ अन्य लोग एआईएमआईएम पार्टी का दामन थामा। आए हुए सभी नए सदस्य को लोगो ने ताली बजा कर स्वागत किया और डॉ. एमएन खान ने कहा यह सिर्फ मेराल प्रखंड ही नही बल्के पूरे गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में कोई भी छोटे बड़े गांव है एआईएमआईएम पार्टी के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ा है। उन्होंने कहा आने वाले समय में संगठन और मजबूत होगा।

# अपना ही महत्व है गढ़वा के सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल का

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित कांडी प्रखंड स्थित सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल किसी परिचय का मोहताज नही है। यह अपनी खूबसूरत वादियों के लिए प्रसिद्ध है। इसकी महिमा आसपास के क्षेत्रों में भी विख्यात है, हर वर्ष कार्तिक मास में हजारों की संख्या में छठ महापर्व करने के लिए भक्त अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल वर्ष के पूरे दिन श्रद्धालुओं से गुलजार रहता है। छठ महापर्व के दौरान सैकड़ो एकड़ की परिसर में कदम रखने को भी जगह नही मिलती है। पूर्वजों की ऐसी मान्यता है कि यंहा पर विधि विधान से छठ व्रत करने पर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।



**सात बहनों से जुड़ी है यंहा की महिमा :** क्षेत्र की बुजुर्गों की मानें तो कहा जाता है कि सात बहने रास्ता भटक कर इस स्थल पर पहुँची थी, उन्हें प्यास लगी थी पर घनघोर और भयावह जंगल होने के कारण उन्हें वहां से निकली पंडी नदी नहीं दिखी पर सभी बहनों को वहां एक कुंआ दिखी, बड़ी बहन ने शेष सभी बहनों के दुपट्टे को जोड़कर (गांठ देकर) एक रस्सी बनाया और कुंए में डालने लगी, इसी क्रम में वह खुद भी कुंए में गिर गयी, अब शेष बहनों ने भी ठीक वैसा ही किया और सभी क्रमवार कुंए में गिरते गयी, इसी तरह सातों बहनों की मृत्यु उस कुंए में गिरने से हो गयी। कुंआ मंदिर के पश्चिम दिशा में स्थित था, वर्तमान में कुआं तो वहां नही दिखता पर उस स्थल पर गहराई ज्यादा है यह स्पष्ट देखा जा सकता है। मान्यता यह है कि कुवांरियों की आकस्मिक मौत होने के कारण सातों बहनें देवी के रूप में अवतरित हुईं तभी से इसी के अनुरूप उस स्थल का नाम सतबहिनी पड़ा है।

**छठ पूजा के दैरान व्रतियों के लिए रहती है पूरी व्यवस्था :** छठ पूजा के दौरान मंदिर की विकास कमिटी और कांडी पुलिस के द्वारा पूरे सतबहिनी स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाते हैं, मंदिर परिसर में नियंत्रण कक्ष, वाहन पार्किंग, पेयजल, स्नान, चिकित्सक टीम की व्यवस्था दुरुस्त कर दी गयी है ताकि छठव्रतियों की सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक ना रहे।

# किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय पर गुरुवार को फसल विस्तार योजना अंतर्गत प्रखंड के 110 सुयोग्य किसानों के बीच बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ओम प्रकाश साव, सीईओ सूर्यकांत तिवारी, कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राम, श्रीकांत तिवारी ने संयुक्त रूप से सरसों बीज का वितरण किया। उक्त अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि खेतीहर किसान को निःशुल्क सरसों बीज और नैनो यूरिया खाद का वितरण कर उनका मनोबल बढ़ाया जा सके। साथ ही उत्तम क्वालिटी के बीज व नैनी उर्वरक से किसानों के खेतों में उपज दोगुनी हो सके ताकि उससे किसाने की आय में वृद्धि हो। साथ ही उन्होंने कहा कि समय अनुसार किसानों को रबी फसलों की अन्य प्रकार का बीज आने पर निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# नहाय खाय के साथ सूर्योपासना का महापर्व छठ आज से शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में नहाय खाय के साथ सूर्योपासना का चार दिनी छठ महापर्व आज से शुरू हो रहा है। वही छठ महापर्व को लेकर व्रतियों द्वारा तैयारी प्रारंभ हो गया है। साथ ही प्रखंड मुख्यालय के अलावे गांवों भी विभिन्न छठ घाटों का साफ सफाई शुरू हो रहा है। इस बार छठ महापर्व शुक्रवार से नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुभारंभ हो रही है। वहीं शनिवार को खीर भोजन तथा रविवार शाम को अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को प्रथम अर्घ्य और भगवान भास्कर का प्रथम अर्घ्य और सोमवार को उदयाचल भगवान सूर्य को अर्घ्य आप के साथ ही छठ पर्व की समापन हो जायेगा। छठ महापर्व को लेकर गेहूं, सुप, दौरा, कतारी, कद्दू सहित अन्य पूजन सामग्री लेने में लोग व्यस्त है। साथ ही सेन्हा में मां अंबे व्यवसायिक संघ द्वारा गुरुवार को मेन रोड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में बांधटोली, अरु, झलजमीरा, लोहरदगा, सेन्हा, बरवाटोली के छठव्रतियों के बीच लाल गेहूं का वितरण किया गया। वहीं व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष जोधनरायन साहु ने कहा कि प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर व्यवसायिक संघ के द्वारा लाल गेहूं का वितरण किया जाता है। मौके पर संघ के सचिव विजय सोनी, केदारनाथ साहु, राजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर महतो, जयप्रकाश साहु, नवल साहु, राजू कुमार साहु, संतोष महतो मौजूद थे।

# पत्रकारिता के उच्चतम मापदंडों को अपनाने की जरूरत : डीसी

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी सह सेमिनार का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर सूचना और जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) स्थित सभागार में सेमिनार-सह-संगोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आजादी के आंदोलन में पत्रकारिता की भूमिका रही। आंदोलन के दौरान महात्मा गाँधी, बाल गंगाधर तिलक, न्यायमूर्ति राणाडे, आगरकर जी ने अपने-अपने तरीके से पत्रकारिता के जरिये आंदोलन को मजबूती दी। उस समय जिस मापदंड को पत्रकारिता के जरिये पत्रकारों ने स्थापित किया था वह बहुत उच्च स्तर का था। वर्तमान में उसी मापदण्ड को अपनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में पत्रकारों को पुराने पत्रकारों के द्वारा लिखे गये लेखों को पढ़ना चाहिए ताकि इससे लेखन शैली को और सुधारने में मदद मिलेगी। समाचार-पत्रों के जरिये उन्होंने पत्रकारिता को मजबूत बनाया। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, हारिश बिन जमां ने कहा कि पत्रकारिता में सही और तथ्य की पुष्टि कर समाचार जारी करना बहुत जरूरी है। आज प्रतियोगिता का जमाना है लेकिन इस वजह से किसी समाचार को बिना सत्यापन जारी नहीं कर देना है। गलत समाचार जारी करने से उसकी विश्वसनीयता घटती है। आज चुनौतियां बहुत अधिक है। अपनी स्किल मजबूत करने के लिए, पढ़ना बहुत जरूरी है। लोहरदगा जिला के पत्रकारों में बहुत प्रतिभा है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। साथ ही, संविधान का पालन भी करना जरूरी है। अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देती है तथा 19 (2) सीमाएं तय करती है। कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने कहा कि सूचना और जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रशासनिक खबरों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पत्रकार बंधु करते हैं। समाज को जागरूक करने में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है। कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर विभिन्न प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के ब्यूरो चीफ/संवाददाता व जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# प्रश्न पत्र और परीक्षा समिति का गठन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी। इसमें दक्षता परीक्षा दिनांक 03.12.2023 को नदिया हिंदू प्लस टू सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा में आयोजित कराने जाने का निर्णय लिया गया। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। जिसमें सभी प्रश्नों के उत्तर वैकल्पिक होंगे। बैठक में प्रश्न पत्र समिति, परीक्षा समिति का भी गठन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अपर समाहर्ता सौरभ कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता पथ, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार शिक्षक की मौत

**मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)।** मनिका थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय मार्ग 39 रांची- डालटेनगंज मुख्य मार्ग पर देवबार मोड़ के समीप आज दिन गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना का सूचना मिलते ही समाजसेवी अख्तर अंसारी मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया। जहां पर मनिका स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर ने घायल व्यक्ति को जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शिक्षक मोहम्मद सरफराज सतबरवा पलामू के रहने वाले थे। शिक्षक लातेहार के नवागढ़ प्लस टू हाई स्कूल में पद स्थापित थे। गुरुवार को सतबरवा से लातेहार आने के कर्म में सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। इधर घटना का सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह मनिका थाना एएसआई मिश्रा मांझी समेत पुलिस पुलिस बल के जवान स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचे जहां पर मृत व्यक्ति का शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना कैसे घटी पुलिस हर पहलू में मामले की जांच कर रही है।

# किसान यूएस एग्रीसीड हाइब्रिड धान की खेती कर स्वावलंबी बनें : बृजेश द्विवेदी

महुवरी गांव में सीडवर्क्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किसानों के बीच फसल उत्पादन गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर किया जागरूक




आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुवरी गांव में सीडवर्क्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किसान धान फसल उत्पादन दिवस गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के रीजनल मैनेजर बृजेश द्विवेदी और ट्रेटरी मैनेजर तुषार कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान लगभग 125 किसानों को यूएस एग्रीसीड के उन्नत किस्म की हाइब्रिड बीज यूएस 362 और यूएस 312 गोल्ड एक नंबर और दो नंबर जमीन के लिए उपयुक्त शंकर धान बीज के उत्पादन का कटाई कराकर पैदावार से संबंधित किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि यूएस 362 और यूएस 380 अन्य हाइब्रिड बीज के मुकाबले अच्छी उत्पादन देती है। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों धान किसानों के लिए काफी मुनाफा देने वाली धान है। मौके पर तुषार कश्यप ने किसानों को बताया कि किसानों को रासायनिक खाद का सही प्रयोग करते हुए यूएस एग्रीसीड के शंकर धान से अच्छी उत्पादन प्राप्त कर सकते है। उन्होंने किसानों को खेती बाड़ी से संबंधित बारीकी से जानकारी देते हुए कहा कि किसान यूएस 362 और यूएस 380 शंकर धान बीज आगामी वर्षो में अपने खेतों में लगाने हेतु क्षेत्र के किसान अभी से ही तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों धान किसानों के जीविकोपार्जन को मजबूती प्रदान करती है। इस किसान गोष्ठी में कंपनी के एफडीओ लोहरदगा हेड क्वार्टर से मनीष ठाकुर और भंडरा हेड क्वार्टर से रवि राम सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान बंधु मौजूद रहे।

# बालू में शतचंडी पूजा तथा मेला को लेकर बैठक संपन्न



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बालू बाजारटांड में सतचंडी पुजा तथा मेला को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसमे पुजा और मेला को शांति पुर्वक संपन्न कराये जाने को लेकर सर्वसम्ती से एक कमेटी बनाई गयी। जिसमें लालदेव गंझू को अध्यक्ष,माधो सिंह को सचिव, जगदीश प्रजापति को कोषाध्यक्ष,व संरक्षण के रूप में लालजी उरांव, जगेश्वर उरांव,बाबुलाल उरांव, ब्रह्मदेव उरांव, राकेश सिंह, सुवेदार उरांव, केदार सिंह, नेमा सिंह, हरि भोक्ता, तथा सदस्य के रूप में विजय सिंह, महेश साव,सकेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह,टेकनारायण सिंह, रामप्रवेश सिंह और नारायण सिंह को मनोनीत किया गया है।**

# भाजपा नेता के प्रयास से मृतक के परिवार को मुआवजा मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के ग्राम लोहारसी निवासी को 2021 में सर्प काटने से मृत्यु हो गई थी। परिवार पूरी तरह असहाय हो गया था। परिवार में इकलौता व्यक्ति थे।बीरबल गंझू वह भी नहीं रहे। पत्नी सुमन देवी ने बताया कि किसी तरह अपना घर चला रहे है परिवार में मृतक के तीन बच्चे खुशबू कुमारी सुनील गंझू अनिल गंझू है। परिवार का बहुत ही खराब हालात थी परंतु भाजपा नेता विजय कुमार दुबे के प्रयास से आपदा प्रबंधन विभाग से मृतक बीरबल गंझू के परिजनों को चार लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का काम किया। जिससे परिवार के लोग काफी खुश और यह बता रहे हैं कि अब हमारा घर कुछ अच्छा से चल सकेगा। सुमन देवी मजदूरी का काम करती है और अपने बच्चों को भरण पोषण करती है इधर भाजपा नेता विजय कुमार दुबे ने कहा कि इस तरह का कार्य करना मुझे अच्छा लगता है सरकार तो कई तरह की मदद जनता के लिए करती है परंतु कई लोगों के जानकारी के अभाव में इस तरह का मदद नहीं मिल पाता है तो यह कार्य हमारे द्वारा लगभग सैकड़ो लोगों को मदद कर चुके हैं और जब तक जीवित रहेंगे तब तक मदद करते रहेंगे बताते चले की विजय कुमार दुबे भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हैं और गरीब असहाय पीड़ित को मदद करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहते हैं। इस तरह से मुआवजा मिलने के बाद श्री दुबे को परिवार के द्वारा साधुवाद दिया गया।

# सांस्कृतिक आयोजन से लोगों को काफी कुछ सीखने का अनुभव प्राप्त होता है : बबन सिंह



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से सटे जोगियाडीह ग्राम स्थित बिरसा मैदान में सोहराय पर्व के अवसर में होनेवाला सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे समाजसेवी बबन कुमार सिंह ने विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान विधिवत उद्घाटन करते हुए बबन कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सोहराय पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन से लोगों को काफी कुछ सीखने का अनुभव प्राप्त होता है। अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करने का मौका मिलती है। उन्होंने आयोजन करने वाली समिति को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया। मौके पर सोहराय जतरा समिति जिगियाडीह, सोपारा के अध्यक्ष प्रेमचंद भोगता, सरपंच सह सचिव पिंटू नायक,कोषाध्यक्ष माइकल कुज्जूर, संयोजक प्रदीप गंझू, सह संयोजक ऐश्वर्य उरांव, सुरेश, उप कोषाध्यक्ष शंभू, उपाध्यक्ष प्रवीण समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से कल्याण विभाग के द्वारा लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, पशु चिकित्सक अमरदीप तिग्गा की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप चंचला कुमारी, शारदा देवी,सुनीता उराँव, देवेन्द्र लोहरा, जगदीश उराँव, सुरेश भगत, लक्ष्मण उराँव सहित 8 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। वही लाभुकों को बताते हुए विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उराँव ने कहा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बने साथ ही कहा कि सरकार ग्रामीणों का उत्थान करने के उद्देश्य से जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन तरह की कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। जिस के तहत गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सुकर पालन कर जीविकोपार्जन कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वही प्रयेक लाभुकों के बीच 15 - 15 बतख चूजा का वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उराँव, पशु चिकित्सक डॉ अमरदीप तिग्गा, बाबुसाहेब सिंह, विजय महतो के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

# नहाय खाय के साथ महापर्व छठ व्रत 17 से शुरू : पंडित सर्वेश

**महुआडांड (आजाद सिपाही)। नहाय खाय के साथ 17 नवंबर दिन शुक्रवार से सूर्य उपासना के महापर्व छठ व्रत की शुरूआत हो रही है। दुर्गा बाड़ी महुआडांड के पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि नेम निष्ठा का यह पर्व 17 नवम्बर दिन शुक्रवार से शुरू होगी और 20 नवंबर दिन सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। ये है कैलेंडर। 17 नवंबर 2023 दिन शुक्रवार नहाय खाय, 18 नवंबर 2023 दिन शनिवार को खरना, 19 नवंबर 2023 दिन रविवार को सूर्यदेव को पहला अर्घ्य दिया जायेगा। 20 नवंबर 2023 दिन सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन होगा।**

# बिहार के नीलेश मुखिया हत्याकांड का मुख्य आरोपी लोहरदगा से धराया

## 25 लाख की सुपारी देकर करायी थी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बिहार के पटना के चर्चित निलेश मुखिया हत्याकांड का मुख्य आरोपी झारखंड से गिरफ्तार कर लिया गया है। पटना पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। इसके बाद 14 अगस्त को एक आरोपी की गिरफ्तारी भी हुई थी। वहीं, अब पुलिस ने झारखंड से मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लगातार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। लेकिन, यह ठिकाने बदल कर पुलिस को चकमा दे रहा था। इसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इसे झारखंड के लोहरदगा से गिरफ्तार किया है। टीम ने छापेमारी के बाद मुख्य साजिशकर्ता गोरख राय को गिरफ्तार किया है।

### 25 लाख की सुपारी देकर करायी थी हत्या

मुख्य साजिशकर्ता गोरख राय ने 25 लाख की सुपारी देकर हत्या करायी थी। जानकारी के अनुसार गोरख राय पहले भी पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र स्थित बहुचर्चित रंजीत सिंह हत्याकांड, छोटू सिंह हत्याकांड में संलिप्त रहा है। करीब आधा दर्जन कांडों में इसकी संलिप्तता रही है। यह पहले जेल भी जा चुका है। घटना के बारे में पुलिस की ओर से इससे लगातार पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# छठ घाट का बीडीओ और जिप सदस्य ने लिया जायजा



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ में विधि व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर जिले के उपायुक्त के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा लगातार प्रखंड के विभिन्न छठ घाट में जाकर जायजा लेने का काम किया जा रहा है। गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर के साथ मिलकर आदर्श नगर छठ घाट की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। जहां उन्होंने घाटों की विधि व्यवस्था को देख छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता को कई दिशा निर्देश भी दिए। वहीं इस दौरान छठ घाटों के साथ नदियों की स्तिथि देख चिंता जाहिर की और छठ पर्व बीतने के बाद संबंधित हल्का कर्मचारी और अंचल निरीक्षक को नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू का निर्देश दिया। उधर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा प्रखंड के सभी छठ घाटों के समितियां को विशेष निर्देश देते हुए कहा गया है कि घाटों में साफ सफाई के साथ-साथ रोशनी और नदियों तालाबों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध में किसी भी तरह की कोई कोताही न बरती जायें।12

# लोक आस्था महापर्व छठ व्रत की तैयारी शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** दीपावली व गोवर्धन पूजा के बाद लोक आस्था के पर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। छठ पूजा के होने वाले चार दिवसीय आयोजन को लेकर जिले भर में उल्लास व उत्साह का माहौल है। पर्व के नजदीक आते जाने के साथ ही बाजार में भी रौनक दिखने लगी है। लोग महापर्व की खरीदारी करने बाजार में दिखने लगे हैं. व्यवसाइयों के अंदर भी छठ को लेकर उत्साह है। हर बार की तरह इस बार भी लोहरदगा में लोग इसे धूम-धाम से मनाने को लेकर उत्साहित हैं. बाजार स्थित विभिन्न दुकानों पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। वहीं दउरी बनाने वाले युद्ध स्तर में जुट गए है। छठ पर्व पर फलों की सबसे अधिक बिक्री होती है जिससे इसको लेकर और भी रौनक दिख रही है। कारोबारी विभिन्न प्रकार के फलों को मंगाने का काम शुरू कर दिए हैं। इसमें बाहर से फलों का खेप आना शुरू हो गया है। शहर से लेकर गांवों तक में घाटों व पोखरों की साफ-सफाई का काम भी होने लगा है। पूजन सामग्री की कई स्थायी व अस्थाई दुकानें भी सजी हैं। ग्राहकों की बदलती पसंद और बदलते दौर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइनर सूप के अलावा आकर्षक रैपर वाली फल से भरी टोकरियां भी बाजार में हैं। फल विक्रेता ने बताया कि सजीले पैक वाली टोकरियों की कीमत फलों की संख्या के हिसाब से अलग-अलग है। बांस के पारंपरिक सूप, दउरी के साथ ही इस बार रंगीन और डिजाइनर सूप, दउरी की भी बाजार में जबरदस्त मांग है। बांस से बनी सूपेली, डलिया और दउरी की खरीदारी गुरुवार से ही शुरू हो गयी है। फल बाजार भी गुलजार नजर आ रहे हैं।

# गरीब आदिवासियों को दोष मुक्त किया जाये: सामाजिक विचार मंच

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने रेलवे के डीआरएम कार्यालय रांची एवं रेलवे सुरक्षा बल ,कमांडेंट ,रांची को मांग पत्र सौंपते हुए कहा है कि पिछले दिनों लोहरदगा रेलवे की जमीन में मुक्तिधाम के समीप संवेदक के द्वारा अनाधिकृत तौर पर अपने कार्य हेतु एक बड़ा सा गड्ढा खोद दिया गया था ,जिस पर रेलवे पुलिस ने संज्ञान लिया था, लेकिन इस मामले में एक सोची समझी चाल के तहत नगर परिषद के जेसीबी चालक गरीब आदिवासी लालू कुजूर ,कुटुमू, किस्को मोड



निवासी पर मामला दर्ज करके फँसा दिया गया, जबकि कार्य करा रहे संवेदक को खुले तौर पर छोड़ दिया गया और ऐसी भी सूचना आ रही है कि इस संवेदक ने ही लालू कुजूर की जमानत भी ली है ,तो कहीं ना कहीं एक गरीब आदिवासी को बलि का बकरा बना दिया गया, इस मुद्दे को लेकर सामाजिक विचार मंच ने दोनों आला अधिकारियों से मांग की है कि गरीब लालू कुजूर को इस केस से दोष मुक्त किया जाए और असली गुनहगार पर मुकदमा दर्ज किया जाए, क्योंकि लालू ऊँराव दैनिक भोगी, अनुबंध पर कार्य करता है, कल उसे कार्य से हटा दिया गया तो केस का खर्च भी वह लगा नहीं पाएगा .सामाजिक विचार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही नगर परिषद के प्रशासक से भी मिलेगा और उनसे यह जानकारी हासिल करेगा की नगर परिषद की जेसीबी इस कार्य के लिए ली गई थी उसका भाड़ा मिला है या नहीं, और जेसीबी लेने के लिए जो प्रक्रिया है वह भी पूरी की गयी थी या नहीं जो पेनल्टी लगायी गयी है उस पेनल्टी का भुगतान किसने किया है? इस पूरे प्रकरण में जितने दिन जेसीबी जब्त होने तक खड़ी रही, उसका भुगतान किसी ने किया है या नहीं क्योंकि यह राजस्व से जुड़ा मामला भी है. लालू कुजूर को न्याय नहीं मिलने की स्थिति में सामाजिक विचार मंच आंदोलन करने पर भी विचार करेगी।

# थाना प्रभारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



**मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)।** मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने दिन गुरुवार को दोमुहान घाट व मनिका प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के कर्म में कई निर्देश दिए छठ घाट की साफ सफाई व अन्य विधि व्यवस्थाओं को जायजा लिया। छठ पूजा में छठवर्ती वह श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का असुविधा नहीं होने की बात कही। उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही छठ घाट में गंदगी की साफ सफाई को लेकर छठ पूजा समिति के पदाधिकारी के साथ छठ घाट का सफाई करवाने के विचार विमर्श की। छठ पर्व के दौरान लाइट साफ सफाई सुरक्षा व्यवस्था व अन्य संबंधित विषय पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, समाजसेवी दीपू राय, कमेटी के श्याम सुंदर प्रसाद, अशोक प्रसाद, मनोज यादव,सुनिल प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, कुंदन ठाकुर, मनिका थाना एएसआई मिश्रा मांझी, मनोज दुबे, विकास कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
09

## बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों पर जुर्माना

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बिजली चोरी के आरोप में बिजली विभाग के कनीय अभियंता कृष्ण कुमार ने गुरुवार को सात लोगों के विरुद्ध सिसई थाना में केस दर्ज कराया है साथ ही सभी अवैध रूप से बिजली चोरी करने वालों जुमार्ना भी लगाया है। दर्ज केस में थाना क्षेत्र के तुत बगीचा निवासी कुजराय साहु पर 10161 रुपए, बस्ती रोड़ सिसई निवासी अनुज साहु, 11037 रुपए, छारदा रोड़ निवासी सज्जाद अंसारी 11037 रुपए, कॉलेज रोड़ निवासी 10161 रुपए, चुरामनी साहु 11037, दिनेश साहु 10161 रुपए और कुम्हार मोड़ निवासी दिनेश साहु 11037 रुपए का जुमार्ना लगाया है।

## ठगी का शिकार हुआ युवक

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बुडका गांव निवासी राजकिशोर सिंह गुरुवार को ठगी का शिकार हो गया। इस बावत उन्होंने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध सन्हा दर्ज कराया है। दर्ज सन्हा में कहा गया है कि राजकिशोर गुरुवार को एसबीआई बैंक 30 हजार का चेक व 10 हजार नगद जमा करने गया था। बैंक में उपस्थित एक अनजान व्यक्ति से जमा फॉर्म भराया। अनजान व्यक्ति चेक का अलग और नगद का अलग फॉर्म भरकर चेक वाला फॉर्म को राजकिशोर को दे दिया और नगद को स्वयं जमा कर देने की बात कहकर 10 हजार रुपया नगद के साथ अनजान व्यक्ति लाइन में खड़ा हो गया। राजकिशोर के चेक जमा कर लौटने तक वह अनजान व्यक्ति 10 हजार रुपए लेकर बैंक से फरार हो गया।

## ऑटो पलटने से एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** डोबडोभी मोड़ के समीप बुधवार को देर शाम एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट गया । जिस से उसमें सवार एक ही परिवार के 5 लोग घायल हो गए। घायलों में 2 वर्षीय बिंदिया कुमारी, गुड़ाई राम, सुमित्रा देवी, रूपा कुमारी व सुष्मिता कुमारी के नाम शामिल है। घायलों की स्थानीय लोगों ने मदद करते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में भर्ती करने के बाद चिक्तिसक उनका इलाज कर रहे हैं।

## फसल कटाई कार्यक्रम आयोजित

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत महादेव चेग्री गाँव मे कोरटेवा एग्रीसाइंस सीड लिमिटेड द्वारा फसल कटाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पायोनियर 27पी37 और अन्य धान को काट कर वजन किया गया जिसमे पायोनियर धान की उपज अन्य धान से अधिक थी। कंपनी के रांची रीजन के आरबीएम अभिषेक सिंह द्वारा किसानो को बीज मूल्य मे अंतर ओर पायोनियर 27पी37 से प्रति एकड़ अतिरिक्त मुनाफा के बारे मे बिस्तार से जानकारी दिए।

# झोला-छाप डॉक्टर के चक्कर में गयी गर्भवती की जान

**आजाद सिपाही संवाददाता**





मृतक के घर के बाहर लोगों की भीड़ और मृतक की फाइल फोटो।

**सिसई।** झोला-छाप डॉक्टर की लापरवाही से दो माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के पति थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी शब्बीर अंसारी ने झोला छाप डॉक्टर जयंत कुमार के विरुद्ध हत्या का आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है गया है कि मेरी पत्नी निलोफर शम्मा (20) दो माह की गर्भवती थी, बीते 14 नवंबर की सुबह करीब 5 बजे उसने खांसी व बदन दर्द होने की बात कही। मै अपनी पत्नी को सिसई थाना रोड़ जायसवाल मेडिकल के पीछे स्थित डॉ जयन्त कुमार के क्लिनिक लाया और डॉ जयन्त कुमार से नगड़ी रांची प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से पत्नी की चल रही इलाज की पर्ची देकर उसमें लिखे दवा देने की बात कही। डॉक्टर ने पर्ची में लिखे दवा से ठीक नही होने की बात कहते हुए अपने क्लीनिक में रखे दो इंजेक्शन लगाने से बिमारी ठीक हो जाने का बात कहा। जब मैं अपनी पत्नी के दो माह का गर्भवती होने और ऐसे में इंजेक्शन नही लगाने की बात कहा तो डॉक्टर ने स्पष्ट रूप से इंजेक्शन से कोई दिक्कत नही होने और डॉक्टर खुद रिस्क व गारंटी लेकर इंजेक्शन लगवाने का बोल मेरी पत्नी को दो इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाने के दस मिनट के बाद क्लिनिक में ही मेरी पत्नी की हालत बिगड़ी और उल्टी होते ही वो बेहोश हो गई। डॉक्टर ने तुरंत निजी एंबुलेंस बुलाकर सिसई मदरसा रोड़ स्थित आर्थो केयर ले गया। जहां मेरी पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मेरी पत्नी की मौत हो गई। उन्होंने बिना डिग्री व लाइसेंस के निजी क्लीनिक चलाने व मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टर जयंत कुमार पर अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कानून कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# डुमरला गोली कांड के सभी आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने एक गोली कांड के दो आरोपियों को धर दबोचा है। घटना सदर थाना क्षेत्र के टोटो डुमरला गांव में बीते 5 नवंबर को घटी थी। पकडे गए आरोपी इसी गोलीकांड की घटना में शामिल थे। इन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम बुद्धदेव उरांव व मयंक उरांव बताये जा रहे है। गोलीकांड की घटना में दोनो नामजद आरोपी है। जबकि मुख्य आरोपी जीतराई उरांव अब भी फरार है। पुलिस फरार जीतराई की सरगर्मी से तलाश कर रही है। साथ ही उसके छुपने वाले ठिकाने पर दबिश बनाये हुए है। जल्द ही उसके भी गिरफ्तार कर लिए जाने की सम्भवना है।

ज्ञात हो कि 5 नवंबर को अज्ञात हथियारबंद अपराधियो ने 30 वर्षीय कुश कुमार महतो पिता उदित महतो को गोली मार दिया था। गोली कुश के पीठ में लगी थी। जिसके बाद गंभीर अवस्था मे उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया था। चिकत्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। कुश अब भी रिम्स में इलाजरत है। हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर हो गई है। घटना के बाद घायल अवस्था मे कुश ने सदर थाना की पुलिस को बयान दिया था कि घटना की दिन वह अपने घर मे था। उसके जेब मे 65 हजार रुपये थे। उस रुपये को वह कर्ज चुकता करने के लिए अपने पास ही रखा हुआ था। साथ ही उसे कुछ बात करने की बात कहकर घर से बाहर बुलाया। इसके बाद जितराई अपने अज्ञात साथियों के साथ उससे बात करते हुए घर के आगे ले गया था। कुश के पॉकेट से 65 हजार रुपया लूटने लगा। तभी वह घर की ओर भागने लगा। इसी दौरान जीतराई ने साथियों के साथ मिलकर पीछे से उसके पीठ में गोली मार दी थी।

## पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ाया, जेल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सदर थाना की पुलिस ने पकड़ लिया है। दुष्कर्म का यह मामला प्रकाश में आते ही पुलिस हरकत में आ गई। पीड़िता की मां के बयान पर सदर थाना में कांड दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार की रात ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी खरका निवासी सुजीत उरांव है। गिरफ्तार आरोपी से जहां पुलिस पूछताछ कर रही है वहीं महिला पुलिस ने सदर अस्पताल में पीड़िता का मेडिकल कराया और कोर्ट में 164 का बयान दर्ज कराया। पुलिस की इस त्वरित करवाई से लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# गरीब फुटबॉल खिलाड़ी आशीष के हौसलों को मिले पंख

**आजाद सिपाही संवाददाता**



सिसई। नेपाल में आयोजित अंडर 19 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अब जिले का होनहार खिलाड़ी व भारतीय फुटबॉल टीम का चयनित खिलाड़ी आशीष उरांव अब निश्चिंत हो कर भाग ले सकेगा। आर्थिक तंगी अब उसके राह का रोड़ा नहीं बनेगी। क्योंकि जैसे ही उसकी आर्थिक तंगी की खबर सरना प्राथना सभा के जिला महासचिव सह जिप परिषद सदस्य जेंगा उरांव व सरना प्राथना सभा के जिला अध्यक्ष सुशील केर-केट्टा को लगी वे उसके घर पहुंच कर 25 हजार रुपए से आशीष की मदद की और बेहतर खेल प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया। अब बता दें कि हुआ क्या था। हुआ कुछ यूं कि सिसई प्रखंड के पूसो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निजमा बघराई टोली गांव निवासी आशीष उरांव का अडर 19 भारतीय फुटबॉल टीम में चयन हो गया। लेकिन उसके खेलने पर संशय इसलिए बन गया कि वह आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। खेती बारी कर किसी तरह परिवार का जीविकोपार्जन चलाने वाले आशीष के पिता विजय उरांव व उनकी गृहणी माँ राजन्ती देवी उसके खर्च को उठा पाने में असमर्थ थे। जिसके कारण आशीष निराश व हताश था। बात की भनक सरना प्राथना सभा के जिला महासचिव सह जिप परिषद सदस्य जेंगा उरांव को लग गई। उन्होंने सरना प्राथना सभा के जिला अध्यक्ष सुशील केरकेट्टा से वार्ता की. और दोनों सीधे उसके घर पहुँच गए। आशीष की समस्या जानी। इस दौरान आशीष ने उन दोनो को बताया कि उसे अंडर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता खेलने के लिए नेपाल जाना है। जहां वह देश का प्रतिनिधित्व करेगा।नेपाल जाने के लिए उसे करीब 25 से 30 हजार रुपये की जरूरत है। मगर उसके परिवार में किसी के पास पैसा नहीं है। यह सुनने के बाद उन्होंने आशीष को 25 हजार रुपये नगद मदद की।

# नौ महीनों से बंद है चीनी की आपूर्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड सरकार के आपूर्ति मंत्रालय की गलत नीतियों के कारण दिवाली से लेकर छठ पूजा तक राज्य के करीब 55 लाख लोग सरकारी निर्धारित दर पर चीनी लेने से महरूम हो गए। या यूं कहिये कि खाद्य आपूर्ति मंत्रालय ने छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को चीनी से वंचित रखा। जिस का विरोध राज्य भर में हो रहा है। एक अनुमान के मुताबिक राज्य भर में 55 लाख लोगों को पिछले 9- 10 महीनो से चीनी नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए आपूर्ति मंत्रालय का गलत निर्णय पूरी तरह से जिम्मेदार है। क्योंकि खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का कहना है कि तीन बार टेंडर होने के बावजूद किसी ने भी चीनी आपूर्ति का टेंडर नहीं भरा। अब इसके पीछे की वजह तो मंत्री जी ही बता सकते हैं, लेकिन जो बातें छन कर सामने आ रही हैं उससे ये अनुमान लगाया जा रहा है कि टेंडर के नियम को जटिल बनाया गया होगा या नहीं तो फिर ऐसे दस्तावेज मांगे गए होंगे जिसे जुटा पाना काफी कठिन होगा। या नहीं तो फिर खाद्य आपूर्ति मंत्री चाहते होंगे कि कोई ऐसा मुर्गा मिले जिस एक मुर्गे की बांग से पुरे राज्य में सवेरा हो जाए। क्योंकि मुर्गा जितना तगड़ा होगा उसका वजन भी उतना अधिक होगा। अब चीनी आपूर्ति के मामले में खाद्य मंत्रालय की नितियां देखने योग्य हैं कि राज्य के कई जिलों के छोटे छोटे चीनी आपूर्तिकर्ता चीनी की आपूर्ति का आदेश नहीं मिलने के बावजूद लगातार अपने लाइसेंस को रिन्यूअल करा रहे हैं। राज्य सरकार ऐसे आपूर्तिकताओं को ढूंढती है जिसके दायरे के अंदर यह छोटे-छोटे चीनी आपूर्ती कर्ता नहीं आते हैं।

**छोटे छोटे आपूर्तिकर्ता आज भी चीनी आपूर्ति को हैं तैयार :** चीनी छोटे-छोटे आपूर्ति कर्ता आज भी विभाग से गुहार लगा रहे हैं कि त्योहारों पर अगर खाद्य आपूर्ति मंत्रालय उन्हें आदेशित करे तो वे उनके नियमों के अनुसार अपने-अपने जिलों में चीनी की आपूर्ति करेंगे। इस संबंध में गुमला के एक चीनी आपूर्ति कर्ता रमेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह दुख की बात है कि त्योहारों पर भी गरीबों को चीनी नहीं मिल रहा है। जबकि वर्ष 2004 तक उनकी आपूर्ति करने की जिम्मेदारी थी वे लोग महाराष्ट्र, बिहार और दूर दराज के क्षेत्र से चीनी खरीद कर सरकारी मूल्य पर सप्लाई किया करते थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से आज तक वे लोग इसी उम्मीद पर अपने लाइसेंस का रिनुअल कर रहे हैं कि आज न कल सरकार उन्हें चीनी सप्लाई का काम देगी। मगर राज्य सरकार इतने बड़े-बड़े व्यापारियों को ढूंढ रही है जो अकेले राजभर का पूरा काम ले ले। श्री कुमार ने कहा कि इस आशय का एक पत्र भी उन्होंने खाद्य आपूर्ति मंत्री को लिखा है। मगर अब क्या आदेश आता है, ये आने वाला वक़्त ही बताएगा।

# रसोइया सह सहायिका को भी मिले वृद्धा पेंशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भरनो ।** प्रखंड अंतर्गत मध्यान्ह भोजन योजना के सफल संचालन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय स्टेरिंग मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की गई। बैठक में वर्ष 2023-24 में मध्यान भोजन योजना संचालित विद्यालयों में नामांकन के विरुद्ध छात्र-छात्राओं की औसत उपस्थिति पर समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि बहुत स्कूल में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं है। वैसे विद्यालय के प्रधाना अध्यापक को गृह भवन कर उपस्थिती बढ़ाने का निर्देश दिया गया । जिस रसोईया सह सहायिका की उम्र 60 साल पूर्ण हो गया है उसे वृद्धा पेंशन में जोड़ने हेतु समीक्षा की गई। मध्यान भोजन योजना अंतर्गत रसोईया को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया । प्रखंड अंतर्गत 112 विद्यालय जिसमें 107 विद्यालय में मध्यान भोजन संचालित है जिनके लिए वेट मशीन मिला है। सभी विद्यालयों को वेट मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच प्रति महीना करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालय वार दैनिक एसएमएस की समीक्षा की गई जो संतोषजनक पाया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मड़वा का हलवा दिया जा रहा है। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांतिमुनि तिर्की, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, आज आयेंगे राज्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा ।** प्रखंड के बदरी स्कूल मैदान में 17 नवंबर को होने वाले कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल के शामिल होने के पूर्व कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। इस दरमियान सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए मुस्तैद रहेंगे, साथ ही आयोजन समिति के लोगों को कई त्रुटियां को सुधार करने का भी निर्देश दिया।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस मौके पर कहा माननीय राज्यपाल महोदय का कल आगमन होगा, इसी के मद्दे नजर विधि व्यवस्था और सुरक्षा दृष्टिकोण से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए हर वक्त हमारे पुलिस अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने आम लोगों से अपील किया है, कि कार्यक्रम को सफल बनाने में बेहतर तरीके से सहयोग करेंगे, ताकि इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके।

इस मौके पर मुख्य रूप से डीटीओ विजय सिंह बेरवा, एसडीएम राजीव नीरज, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, बिशनपुर अंचल अधिकारी धनंजय पाठक, बिशनपुर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार, पूर्व उपप्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा, महेंद्र भगत, भिखारी भगत, तेम्बू उरांव, संजय पांडे, बिनोद साहू, आनंद डुंगडंग, विनोद महतो, दिलबहार अंसारी, प्रवीण कुमार, नीरज सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर वाहनों की जांच शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी ।** जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर के डडगाओ बॉडर और कमालपुर के जशपुर रोड पर चेक पोस्ट बनाकर गुमला के एसडीओ शिव शंकर मरांडी के नेतृत्व में चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांवऔर जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा गहन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन और अन्य बड़े वाहनों को रोककर गहनता से जांच की गई।

जांच के क्रम में किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक वस्तु या अन्य चीजों की जांच की गई। बता दे की पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव को लेकर झारखंड छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगाकर पुलिस द्वारा गहनता से जांच अभियान चलाया जा रहा है। सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि यह जांच आगे भी जारी रहेगा।

# छठव्रतियों को खुद करनी पड़ेगी घाटों पर सफाई की पूरी व्यवस्था

## प्रशासन पर आदेश देने और निर्देश का पालन नहीं करने पर दंडित करने का दायित्व

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** छठ पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने छठ वर्तियों और उनके साथ जल पूजा स्थल तक जाने वालों के लिए आदेश जारी किया है. जारी आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी ने छठवर्तियों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण गुमला अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत विधि - व्यवस्था एवं लोक परिशांति कायम रखने के साथ - साथ आमजनों एवं छठ पूजा समिति के हित में निम्नांकित निदेश दिये जाते हैं । जिसका अनुपालन अनिवार्य रूप से करने की आवश्यकता है। छठ घाट एवं पूजा स्थल में श्रद्धालुओं - छठ व्रतियाँ गहरे पानी में न जाए। इस निमित्त तट से चार फीट की गहराई पर रस्सी, बॉस, टायर, टयूब इत्यादि का प्रयोग करते हुए वैरिकेटिंग, मार्किंग की व्यवस्था आवश्यक रूप से करेंगे । छठ घाटों पर महत्वपूर्ण सूचना - संवाद के प्रसारण हेतु ध्वनि संबोधन प्रणाली की पर्याप्त व्यवस्था करेंगे जिससे सम्पूर्ण पूजा स्थल- घाटों में व्यापक रूप से ध्वनि विस्तारण किया जा सके । सभी छठ पूजा स्थल - घाटों में पर्याप्त लाईट की समुचित एवं लगातार व्यवस्था करना सुनिश्चित की जाए । पूजा स्थल पर बिजली मिस्त्री की प्रतिनियुक्ति पूजा समिति के द्वारा सुनिश्चित की जाए। सभी छठ पूजा समिति द्वारा अपने-अपने संबंधित छठ घाटों पर पूजा के पहले एवं पूजा के बाद साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी छठ पूजा स्थल- छठ घाटों में प्लास्टिक एवं थर्माकॉल का उपयोग वर्जित है। छठ घाटों पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न न हो , इसके लिए संबंधित छठ पूजा समिति अपना स्वयंसेवक अनिवार्य रूप से प्रतिनियुक्त करेंगे । छठ समिति के सभी स्वयंसेवकों की सूची अनुमण्डल कार्यालय , स्थल पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ।

आपातकाल की स्थिति हेतु मोटी रस्सी एवं टायर टयूब की व्यवस्था प्रत्येक छठ घाटों में पूजा समिति रखना सुनिश्चित करेंगे । छठ घाटों पर नौका एवं गोताखोर की समुचित व्यवस्था समिति अपने स्तर से अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे। गुमला अनुमण्डल के अंतर्गत आने वाले सभी पूजा समिति को निदेश दिया गया है कि छठ घाट पर पहुँचने वाले श्रद्धालुओं की छोटी वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने हेतु अपने स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

# बैंक प्रबंधकों के साथ की गयी बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया ।** बीडीओ सुप्रिया भगत के अध्यक्षता में एवं एलडीएम पवन कुमार की उपस्थिति में बीडीओ कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी बैंक प्रबंधकों के साथ ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमे सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में लाभुकों का केसीसी ऋण स्वीकृत करने समेत अन्य बैंक सुविधा लोगो को उपलब्ध कराया जाए। इस बैठक में बैंक ऑफ इंडिया भागीडेरा के शाखा प्रबंधक जयकिशन गुप्ता समेत सभी शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया विषयक परिचर्चा आयोजित

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से ला सकते हैं सकारात्मक बदलाव : उपायुक्त

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पलामू प्रमंडल की ओर से प्रेस दिवस समारोह का आयोजन, वरिष्ठ पत्रकार गोकुल बसंत सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पलामू डीसी शशि रंजन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से देश-दुनिया में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। यह समय की जरूरत भी है। सामाजिक सरोकारों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्वीकार करना सकारात्मक होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से हम तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। गवर्नेंस पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह अंतर्गत कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषयक सेमिनार सह परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इतना सशक्त है कि आजकल हमलोग के मन की भावनाओं को भी समझने लगा है। उन्होंने कहा कि पलामू में एक एआई लैब के स्थापना करने की जरूरत महसूस की गई है, उसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से शिक्षा एवं गवर्नेंस को समाहित करने का प्रयास होगा। इसमें 50 बच्चों को नई-नई चीजों की सीख दी जाएगी। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि किसी नई चीज को अपनाने में समय लगता है, लेकिन समय के साथ हमसभी तकनीक को बहुत तेजी से स्वीकार कर रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पलामू प्रमंडल के उपनिदेशक आनंद ने सेमिनार-सह-परिचर्चा कार्यक्रम का संचालन करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल एवं तकनीकी युग में तथ्यपरक सूचनाओं के आदान-प्रदान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मीडिया में तकनीक का सकारात्मक उपयोग से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि खोजी पत्रकारिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मदद करेगा, लेकिन मानव मस्तिष्क की बातों को समझने में थोड़ा देर होगा। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार गोकुल बसंत ने कहा कि प्रेस की गरिमा को बचाए रखने के लिए प्रेस काउंसिल आफ इंडिया की ओर से समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहा है। वर्ष 2023 में प्रेस काउंसिल ने प्रेस दिवस के अवसर पर कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडियाङ विषय पर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में तकनीकी बदलाव आए हैं। इससे तत्परता और तत्कालिकता दोनों आई है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज तकनीक इतना विकसित हो गया है कि स्वचालित कार्य भी होने लगे हैं। मशीन चलाने का काम भी मशीन ही करने लगी है। तकनीक का सही इस्तेमाल कर हम मानवता को बचा सकते हैं। गोकुल बसंत ने इस विषय को रेखांकित करते हुए कहा कि पूर्व के जमाने में मीडिया के क्षेत्र में क्या तकनीक थी, यह सभी जानते हैं। उन्होंने पूर्व के समयकाल में समाचार संकलन, समाचार प्रेषण से लेकर प्रकाशन तक में उपलब्ध तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए वर्तमान समय से इसकी तुलना की। उन्होंने इसके दुष्प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। कहा कि तकनीक के विकास से मानव संपदा द्वारा कार्यों में कमी आई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कमांड पर कार्य करता है, उसे जितना निर्देश देंगे उतना ही काम करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का नफा एवं नुकसान दोनों है। हमसभी को चाहिए कि इसका सही से प्रयोग करें।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित सेमिनार सह परिचर्चा कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार गोकुल बसंत को सम्मानित किया गया।

सेमिनार सह परिचर्चा में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एपीआरओ विजय कुमार ठाकुर ने वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यापक उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रोजी-रोटी से लेकर जीवन शैली में सुधार लाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मददगार साबित हो रहा है। विशेषकर कोरोना काल से इसका दायरा बढ़ा है। जनसंचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम में एपीआरओ अजीत तिवारी, एसएमपीओ भास्कर कुमार, प्रमोद कुमार तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के स्थानीय पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। साथ ही अरुण कुमार, गौरव सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अन्य कर्मीगण उपस्थित थे।

## विश्रामपुर विधायक ने रांची एयरपोर्ट पर मोदी से की मुलाकत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रांची एयरपोर्ट पर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से औपचारिक मुलाकात की। बताते चलें के प्रधानमंत्री जैसे ही रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे तो झारखंड के पूर्व स्वाथ्य मंत्री व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी उनके स्वागत में खड़े दिखे। उनसे औपचारिक मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विधायक चंद्रवंशी से क्षेत्र के बारे में उनसे कई जानकारी ली। मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ व विधायक आदि मौजूद थे।

## बच्चों में शिक्षा के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान का होना भी जरूरी : विनोद सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल परिसर में गुरुवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विनोद कुमार सिंह और प्रधानाचार्य मनुज शर्मा ने मेले का उद्घाटन किया। मेले में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों (मोमो, पानी-पुरी, पास्ता, समोसा आदि) के स्टॉल लगाने के साथ ही खेल आदि क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी देना भी आवश्यक है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने मेले में आनंदपूर्वक सहभागिता दी और बाल मेला आयोजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गतिविधि प्रभारी रंजना के साथ अनुप्रिया, शेफाली, आरती और अविनाश ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर चंदन सिंह, विक्की सिंह, ओम सिंह, निखिल कुमार, अशोक पासवान, संतोष पांडे और मेघनाथ सिंह आदि मौजूद थे।

## समस्याओं के निराकरण के लिए बीडीओ को समाजसेवी अरविंद ने सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में कई समस्याएं हैं। जिसके समाधान के लिए छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता द्वारा चार सूत्री ज्ञापन छतरपुर बीडीओ को सौंपा गया। कहा गया कि छतरपुर का इलाका अति-नक्सल प्रभावित इलाका माना जाता है। इलाके में अभी भी बेहद गरीबी है। क्षेत्र विकास की किरणों से महरूम भी है। बावजूद यहां कुछ ऐसी जन-समस्याएं हैं जिसके निराकरण से इलाके की व्यवसायिक शिक्षण व्यवस्था और किसानों की खेती को बेहतर बनाया जा सकता है। साथ ही इलाके की बदहाली भी दूर की जा सकती है। ज्ञापन में मुख्यतः जिन बिंदुओं की ओर बीडीओ सह प्रशिक्षु आईएएस का ध्यान आकृष्ट कराया गया है उनमें छतरपुर में वर्षों पूर्व स्थापित क्ळक कॉलेज में पढ़ाई सुनिश्चित कराने, डुमरी गांव के पास बनाये गए 6 साल पुराने डिग्री कालेज को शुरू करवाने, छतरपुर के सड़मा गांव स्थित महत्वाकांक्षी सुखनदिया जलाशय परियोजना की मरम्मत कर प्रतिदिन लाखों लीटर पानी को बहने से रोकने और अपने निर्माण के सात सालों बाद भी स्थानीय हाई स्कूल परिसर में बंद पड़े पिछड़े/एससी/एसटी छात्रों के हॉस्टल को शुरू करवाना शामिल है। वहीं, बीडीओ ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। कहा कि जल्द ही इसे ठीक करवाने की पहल की जाएगी। दूसरी ओर, ज्ञापन सौंपने के बाद अरविंद ने कहा कि इलाके के छात्रों के स्वर्णिम भविष्य के लिए आईटीआई कॉलेज, डिग्री कॉलेज और हाई स्कूल में बनाये गए हॉस्टलों को बेहतर तरीके से शुरू करना जरूरी है। कहा कि नगर पंचायत की लाइफ लाइन मानी जानेवाली सुखनदिया जलाशय परियोजना को भी दुरुस्त करना आवश्यक है, ताकि प्रतिदिन व्यर्थ बहने वाली लाखों लीटर पानी को रोका जा सके।

# अबुआ आवास और गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित कई अन्य योजनाओं का शिविर में मिलेगा लाभ : डीसी

**आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, छतरपुर व हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का सुभारंभ किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्र में रह रहे लोगों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में आप सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। आप सभी अपने-अपने पंचायतों में लगने वाले शिविर में उपस्थित रहकर लोगों की सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवश्य लाभान्वित करें। डीसी ने कहा कि शिविरों में अबुआ आवास योजना के आवेदन भी लिये जायेंगे। वहीं 12वीं पास गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत भी आवेदन प्राप्त किया जायेगा। इसके लिए आप सभी जनप्रतिनिधि 12वीं पास छात्रों को आवेदन करने को प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, 15वें वित्त के अंतर्गत जनोपयोगी योजनाएं,भूमि का म्युटेशन,भूमि मापी, लगान रसीद, प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, राशन व आधार कार्ड में संशोधन सहित अन्य कई योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को डीडीसी ने कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### जागरूकता रथ को किया रवाना

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक प्रत्येक पंचायत में शिविर में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पंचायत शिविर में योग्य लाभुक को आवेदन देने को व्यापक प्रचार प्रसार के लिए उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,हुसैनाबाद व छतरपुर विधायक के प्रतिनिधि, डीएसओ समेत अन्य ने टाउन हॉल परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके माध्यम से जिले के सभी पंचायत व गांव में प्रचार प्रसार होगा।

## विधायक ने वादा निभाया, छठ घाट पर डीप बोरिंग व मोटर की व्यवस्था



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** गत वर्ष छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हैदरनगर के विजेता क्लब व जगराता क्लब के सदस्यों ने छठ घाट के समीप नाली निर्माण व पानी की समस्या को देखते हुए डीप बोरिंग की मांग की थी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दोनों कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने का वादा किया था। गत माह सात लाख रुपए की लागत से नली का निर्माण करा कर विधायक ने एक वादा पूरा कर दिया। जबकि छठ महापर्व के पूर्व ही 500 फिट डीप बोरिंग के अलावा मोटर आदि की व्यवस्था कर दोनों वादा पूरा किया है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह जो वादा करते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। उन्होंने गत वर्ष जितने छठ घाटों पर घोषणा की थी, उसे छठ पूजा शुरु होने से पहले पूरा कर दिया है। जिसमें हैदरनगर के मुख्य छठ घाट के अलावा अन्य दर्जनों छठ घाट का निर्माण शामिल है। वहीं, हैदरनगर छठ घाट पर बोरिंग व मोटर की व्यवस्था करने के लिए विजेता क्लब व जगराता क्लब के सदस्यों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार जताया है।

# स्पोर्ट्स



रांची के जेएससीए स्टेडियम में 18 नवंबर से क्रिकेट के धुरंधरों का जमावड़ा होने जा रहा है। इस स्टेडियम में लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 आयोजित होने जा रहा है। जेएससीए स्टेडियम में पांच मैच होंगें, जिसका उद्घाटन इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा।

## इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा पहला मैच, न्यूनतम टिकट दर 249 रुपये

# रांची के जेएससीए स्टेडियम में लीजेंड्स लीग क्रिकेट कल से

**पेटीएम से की जा सकती है खरीददारी, सुबह 10 से शाम छह बजे तक खरीद सकते हैं टिकट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची का जेएससीए स्टेडियम 18 नवंबर से क्रिकेट के धुरंधरों से गुलजार रहनेवाला है। इस स्टेडियम में लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 होने जा रहा है। जेएससीए स्टेडियम में पांच मैच होंगे। उद्घाटन मैच इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा। इस लीग क्रिकेट के टिकट पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर के जरिये खरीदे जा सकते हैं। इसके अलावा स्टेडियम बॉक्स ऑफिस से भी टिकट मिल जायेगा। टिकट की कीमत 249 रुपये से शुरू है। सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक टिकट खरीदे जा सकते हैं। वहीं, उद्घाटन मैच शाम 6.30 बजे से खेला जायेगा।



### गंभीर और इरफान बतौर कप्तान होंगे आमने-सामने

18 नवंबर को होनेवाले पहले मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर और इरफान पठान बतौर कप्तान आमने-सामने होंगे। गौतम गंभीर इंडिया कैपिटल्स को और इरफान पठान भीलवाड़ा किंग्स को लीड कर रहे हैं।

### जेएससीए में दिखेंगे ये दिग्गज क्रिकेटर

इरफान पठान, युसुफ पठान, तिलकरत्ने दिलशान, पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, केविन ओब्रायन, गौतम गंड्डीर, दिलहार फरनांडो, हाशिम अमला, केविन पीटरसन, मुनाफ पटेल, हरड्डाजन सिंह, मोहम्मद कैफ, रोबिन उथप्पा, एरोन फिंच, अशोक डिंडा, रॉस टेलर, सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, प्रज्ञान ओझा समेत कई नामचीन चेहरे खेलते दिखेंगे।

### आज आयेंगी सभी टीमें

रांची में लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 सीजन में खेलने के लिए टीमें शुक्रवार तक पहुंच जायेंगी। रांची के अलावा इस इवेंट के मैच देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में खेले जायेंगे। इवेंट के संबंध में एलएलसी के डायरेक्टर मुनीश रावत ने कहा कि एलएलसी के प्रसार के लिए टियर-2 सिटी का चयन किया गया है।

### जेएससीए मैच का पूरा शेड्यूल

| तारीख | समय | मैच |
|---|---|---|
| 18.11.23 | शाम 6.30 बजे | भीलवाड़ा किंग्स बनाम इंडिया कैपिटल्स |
| 20.11.23 | शाम 6.30 बजे | मणिपाल टाइगर बनाम गुजरात जाइंट्स |
| 21.11.23 | शाम 6.30 बजे | साउदर्न सुरपस्टार व अर्बनियर्स हैदराबाद |
| 22.11.23 | शाम 6.30 बजे | भीलवाड़ा किंग्स बनाम गुजरात जाइंट्स |
| 23.11.23 | दोपहर 3.00 बजे | इंडिया कैपिटल्स व अर्बनियर्स हैदराबाद |

### टीम डिटेल

**भीलवाड़ा किंग्स :** इरफान पठान, यूसूफ पठान, रयान साइडबॉटम, इकबाल अब्दुल्ला, पिनल शाह, टिम मुर्तघ, क्रिस्टोफर बार्नवेल, अनुरित सिंह, जेसल कारिया, सोलोमन मायर, लेंडल सिमंस, धम्मिका प्रसाद, समृद्ध उत्सेया, राहुल शर्मा, तिलकरत्ने दिलशान, रोबिन बिष्ट, आनंद राजन, जेसन मोहम्मद, श्रीकांत वाघ

**गुजरात जाइंट्स :** पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, केविन ओ'ब्रायन, एल्टन चिगुंबुरा, रिचर्ड लेवी, सीकुगे प्रसन्ना, एस श्रीसंत, सरबजीत लड्डा, सुलेमान बेन, रयाद रयान एमरिट, अभिषेक, चिराग खुराना, मोंटी पनेसर, जैक्स कैलिस, ध्रुव रावल, रजत भाटिया

**इंडिया कैपिटल्स :** गौतम गंड्डीर, प्रवीण तांबे, एशले नर्स, मोर्ने वैन विक, जंग लगे थेरॉन, बेन रॉबर्ट डंक, रिकार्डो पॉवेल, फिदेल एडवर्ड्स, दिलहारा फर्नांडो, किर्क एडवर्ड्स, ईश्वर पांडे, हाशिम अमला, केविन पीटरसन, केपी अप्पन्ना, मुनाफ पटेल, यालाका गणेश्वर राव, भारत चिपली, हामिश बेनेट, इसुरु उदाना

**मणिपाल टाइगर्स :** हरड्डाजन सिंह, मोहम्मद कैफ, थिसारा परेरा, रॉबिन उथप्पा, हैमिल्टन मसाकाद्जा, अमितोज सिंह, पंकज सिंह, कॉलिन डी ग्रैंडहोम, चैडविक वाल्टन, मिशेल मैक्लेनाघन, परविंदर अवाना, प्रवीण गुप्ता, काइल कोएट्जर, एस बद्रीनाथ, इमरान खान, प्रवीण कुमार, जेड डर्नबैक, योगेश ताकवाले, एंजेलो परेरा

**साउदर्न सुरपस्टार :** उपुल थरंगा, अब्दुर रज्जाक, जेसी राइडर, सुरंगा लकमल, मनविंदर बिस्ला, अशोक डिंडा, बिपुल शर्मा, आंद्रे मैक्कार्थी, पंकज कुमार राव, राजेश बिश्नोई, फरवीज महरुफ, रॉस टेलर, जोहान बोथा, श्रीवत्स गोस्वामी, पवन नेगी, हामिद हसन

**अर्बनियर्स हैदराबाद :** सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, ड्वेनये स्मिथ, पीटर ट्रेगो, चमारा कपुगेदेरा, स्टुअर्ट बिन्नी, असगर अफगान, टीनो बेस्ट, अमित पौनिकर, क्रिस्टोफर मपोफू, पवन सुयाल, जेरोम टेलर, सुदीप त्यागी, योगेश नगर, शिवाकांत शुक्ला, प्रज्ञान ओझा, देवेंद्र बिशु, तिरुमलासेट्टी सुमन, शादाब जकाती, गुरकीरत मान, रिक्की क्लार्क

## समाजसेवी कमलेश प्रसाद ने छठ घाट की करायी सफाई

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** चार दिवसीय आस्था के महापर्व छठ की तैयारी शुरू हो चुकी है। एक ओर जहां छठ व्रति खरीदारी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मुखिया पति सह समाजसेवी कमलेश प्रसाद रामघाट और लक्ष्मण घाट में छठ घाटों की सफाई दो-तीन दिनों से लगातार करवा रहे हैं। बतातें चलें कि लगातार दो वर्षों से कम वर्षा होने के कारण मलय नदी में पानी ना के बराबर है। वहीं कचरा फेंकने की जगह नहीं होने के कारण सभी लोग नदी में ही कचरा फेंक जाते हैं जिससे नदी का अस्तित्व भी खत्म होते जा रहा है। कमलेश प्रसाद ने बताया कि मुखिया फंड से लक्ष्मण घाट में सीढ़ी और छठ घाट का भी निर्माण कराया गया है जिससे छठ वृत्तियों को अर्ध्य देने में आसानी होगी। इधर, हर वर्ष की तरह नवयुवक संघ की ओर से टेंट लाइट एवं डेकोरेशन की व्यवस्था सूर्य मंदिर समेत छठ घाट में की जा रही है। छठ समिति के सदस्य चंदन प्रसाद ने बताया कि एक हफ्ते से टेंट व डेकोरेट किया जा रहा है। इस मौके पर सतन जायसवाल, विनोद मांझी, सुंदरेश्वर सिंह, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## श्रीराम चौक के नाम से अब जानी जायेगी कोट खास जाने वाली सड़क : जूली सिंह



**नीलाबर पीतांबपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज जैप 8 के समीप ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास श्रीराम चौक का भूमि पूजन कर चौक बनाने का नामांकरण किया जाना है। कोटखास पंचायत की मुखिया जूली सिंह द्वारा तैयारी किया जा रहा है। मुखिया जूली सिंह ने बताया कि यहां पर श्रीराम दरबार ठाकुर वाड़ी मंदिर प्राचीन है। इसलिए इस चौक को भगवान श्रीराम के नाम से जाना जाएगा एवं भगवान श्रीराम की गौरव गाथा और उनके आदर्शों पर चलने की सीख मिलता रहेगा। उन्होंने प्रखंडवासियों एवं कोट खास पंचायत की जनता से कार्यक्रम का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित भी किया है। यह कार्यक्रम 17 नवंबर को निर्धारित है। इसमें जिला परिषद सदस्य आशा देवी आदि शामिल होंगें।

## आस्था का महापर्व : डीसी व एसएसपी ने किया राजा तालाब का निरीक्षण

# पुलिसकर्मियों ने राजा तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई की

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** डीसी वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार ने गुरुवार को झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों की साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, डेंजर जोन चिन्हितीकरण, विद्युतीकरण, पथ मरम्मती, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय अधिकारी व पूजा कमेटी को अधिकारी द्वय ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। दूसरी ओर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाकर राजा तालाब की सफाई की गई। सिंदरी डीएसपी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है, जिसमें हम पुलिस वालों की भी सहभागिता होनी चाहिए। इस अभियान में झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह, लोदना ओपी प्रभारी संजीव कुमार सिंह, सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा आदि के अलावा शांति समिति सदस्य भगत सिंह, समाजसेवी अरविंद यादव भी मौजूद थे।



राजा तालाब का निरीक्षण करते डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार व अन्य।

## तालाब में सफाई के दौरान युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**आइइएल।** गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत अंतर्गत खुदगड्डा ग्राम के एक तालाब में संस्था की ओर से सफाई कराये जाने के दौरान हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मौके पर मौजूद संस्था के लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर सुनकर आसपास के सैकड़ों लोग पहुंच गए। हजारी पंचायत के मुखिया तारामणि देवी, पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, उप मुखिया सहित अन्य लोग पहुंचे और मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं गोमिया पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि बोकारो की एक संस्था द्वारा खुदगड्डा ग्राम स्थित एक तालाब की सफाई जेसीबी मशीन से की जा रही थी। तभी जेसीबी का बकेट घूम जाने से बगल में खड़े युवक अजय कुमार प्रजापति (35) उसकी चपेट में आ गया। बकेट से चोट लगने के कारण वह वहीं पर गिर गया। वहां मौजूद संस्था के लोग और अन्य व्यक्तियों ने उसे कार में लादकर अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## बेरमो विधायक ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो हिंदुस्तान पुल स्थिति दामोदर नदी छठ घाट पर छठ व्रतियों की सेवा सुविधा को लेकर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने गुरुवार को छठ घाट का निरीक्षण किया। यहां बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक ने विधायक से फुसरो घाट पर मुक्ति धाम बनाने की बात कही। बताया कि इसमें लोगों के बैठने के हॉल, नहाने के लिए स्थान, पेयजल की व्यवस्था हो। इस पर विधायक ने फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार को डीपीआर बनवाने का निर्देश दिया। साथ ही विधायक ने फुसरो नगर पर्षद अंतर्गत पेयजल के निःशुल्क कनेक्शन देने को फंड के लिए झारखंड सरकार के सचिव विनय चौबे से फोन पर बात कर शीघ्र ही नगर परिषद को फंड उपलब्ध कराने की बात की। निरीक्षण के समय फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार, अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह, सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, नप कर्मी राजीव रंजन कुमार, न्यू स्टार क्लब के कृष्ण चांडक, रवि छाबड़ा, नागेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, शंभू यादव और विक्रम मिश्रा आदि थे।

## राज्यस्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले बच्चों का झरिया विधायक ने बढ़ाया हौसला

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** 23वां झारखंड राज्य सीनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले झरिया के विक्ट्री क्लब के खिलाड़ियों ने गुरुवार को विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से उनके आवास रघुकुल में जाकर मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनकी हौसला अफजाई की। साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक ने खिलाड़ियों से कहा की आप सब के बेहतर प्रदर्शन से झरिया का नाम रोशन हुआ है। इसी लगन से प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करें। बताते चलें कि बीते 7 से 9 नवंबर तक देवघर में 23वां झारखण्ड राज्य सीनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप आयोजित किया गया था। क्लब के मोहित कुमार, अनिकेत कुमार, भवानी कुमार चौहान, विवेक कुमार अम्बेडकर और राजकरन यादव ने विधायक को भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन कर अपने जिले व राज्य का नाम रोशन करने का भरोसा दिलाया। वहीं, आगामी दिसंबर महीने में उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीतने वाले प्रतिभागी भाग लेंगे। इस मौके पर कोच राहुल कुमार चौहान, वार्ड 34 की पार्षद गोरी देवी, शिवदत्त कुमार और भोला चौहान आदि मौजूद थे।

## प्रबंधन छठ घाटों पर करे समुचित व्यवस्था : अमित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने गुरुवार को शहर के छठ घाटों पर व्रतियों के लिए समूचित व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन) राजन कुमार से उनके एडीएम बिल्डिंग कार्यालय में जाकर मुलाकात की और समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की। कुमार अमित ने छठ पूजा में घाटों के जलाशयों में डैम से पर्याप्त पानी छोड़ने, स्वच्छता, अधिक संख्या में व्रतियों के कपड़ा बादलने के लिए चेंजिग रूम, लाइट, आकस्मिक चिकित्सा, गर्गा नदी स्थित बियाडा, चेकपोस्ट, गर्गा डैम आदि घाटों पर छाई डलवाने की मांग की। इसके अलावे नरकरा सहित अन्य पंचायतों में आने वाले पूर्नवास क्षेत्र में सरकारी विकास योजनाओं के लिए सेल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की वाध्यता समाप्त करने, सेल में ठेका पर स्वच्छता का काम कर रहे सभी सफाई कर्मचारियों को आवास आवंटन करने, शहर फल, सब्जी-दूध विक्रेताओं और फुटपाथ दूकानदारों को लाइसेंस देकर स्ट्रीट वेंडर अधिनियम के तहत व्यवस्थित करवाने, दुन्दीबाद सहित सेक्टर 1,3, 8, 9,11 के जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, सेक्टर 9 के पटेल चौक और रामडीह मोड़ पर हाई मास्ट लाइट लगान, रानीपोखर गांव में सीएसआर से सेंसर लाइट लगवाने, उत्तरी विस्थापित क्षेत्र में सामुदायिक अस्पताल की व्यवस्था करे, बोकारो जेनरल अस्पताल में बंद पड़े मशीनों को ठीक कर उनकी संख्या बढ़ाते हुए सर्विस को दुरुस्त करने एवं इसे सुपरस्पेसलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने आदि की भी मांग की। इसे लेकर अमित ने अधिशासी निदेशक कार्मिक को एक मांग पत्र भी सौंपा। वहीं, राजन कुमार ने इन मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

## रागिनी सिंह ने कुष्ठ कॉलोनी में बांटी मिठाई



**झरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह गुरुवार को बनियाहिर कुष्ठ कॉलोनी पहुंची और यहां के लोगों के बीच मिठाईयां बांटी। इसके बाद महापर्व छठ को लेकर घाटों पर व्यस्थाओं का जायजा लेने 4 नंबर टैक्सी स्टैंड स्थित मां मंगला चंडी मंदिर परिसर में बने तालाब व भालगोडा टीना धौड़ा सूर्य मंदिर तालाब पहुंची। यहां उन्होंने साफ-सफाई व व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि छठ के दौरान घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचने वाले व्रती और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, ओबीसी मोर्चा के शैलेश सिंह चंद्रवंशी, श्रवण राम, दिलीप भारती आदि थे।

## ढोरी सीसीएल के एसओ सिविल के घर दिनदहाड़े चोरी



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** ढ़ोरी सीसीएल के एसओ सिविल उज्जवल कुमार सिंह के घर बुधवार की दोपहर चोरों ने कीमती सामानों की चोरी कर ली। उनका घर जीएम कॉलोनी स्थित क्वार्टर संख्या सी टाइप /5 है। उज्जवल सिंह अपनी पत्नी के साथ उत्तर प्रदेश के बलिया जिला स्थित अपने गांव गए थे। क्वार्टर की देखरेख करने वाला शाम 6 बजे लाइट जलाने गया तो देखा कि गेट और दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर सारा समान बिखरा मिला। अलमीरा खुला था। पता चला कि चोर खिड़की तोड़कर घर में घुसे और ढाई लाख के जेवरात और दो हजार रुपये नकद व एक मोबाइल सेट उड़ा ले गए। भुक्तभोगी उज्ज्वल कुमार के आने पर ही चोरी की सही जानकारी मिलेगा। उधर, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अशोक कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और चोरी का जायजा लिया। बेरमो पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। इस बाबत उज्जवल सिंह से बात की तो बताया कि इसकी जानकारी मिली है। गुरुवार की रात तक वापस लौटेंगें, तभी चोरी का सही आंकड़ा मिल पाएगा।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 25 वर्ष 2023–24**

पत्रांक :– 1080 /                     गुमला, दिनांक :– 16/11/2023.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विकी की तिथि :– 23.11.2023 को (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 24.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 24.11..2023 को 3:30 बजे अपराह्न
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Deep Boring with Submersible Pump Fitting at Adiwasi Boys High School Nawdiha Block- Ghaghra Dist.- Gumla | घाघरा | DMFT | 4,71,500.00 | 9500.00 | 750.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |

**निविदा की शर्ते** :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक / बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. **जो निम्न है:**– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक। 2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 311418 Minor Irrigation(23-24).D



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

58वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.202 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– हजारीबाग वाद सं0–695/98 एवं हजारीबाग सदर थाना काण्ड सं0 64/98 के नामित एवं चिन्हित आन्दोलनकारी रामकिशोर मेहता उर्फ आर0के0 मेहता के आवेदन में संलग्न दिसम्बर 1998 के अखबार कतरनों में उल्लेखित उनके साथ शामिल सैकड़ो की संख्या में संसद में झारखण्ड अलग राज्य बिल पास कराने हेतु धरना में शामिल लोगो की शपथ पत्र के माध्यम से दी गयी सूची के आधार पर। | |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–356/23<br>2. आवेदक का नाम–प्रेम कुमार मेहता, पिता का नाम–स्व0 बुधन महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–357/23<br>2. आवेदक का नाम–मनोज मेहता, पिता का नाम–उगन महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ऑंख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–358/23<br>2. आवेदक का नाम–वजीर प्रसाद मेहता, पिता का नाम–रूपलाल महतो<br>3. ग्राम–दरिया, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ऑंख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–359/23<br>2. आवेदक का नाम–सिकेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता का नाम–तुलसी महतो<br>3. ग्राम–चन्दवारा, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–37 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–360/23<br>2. आवेदक का नाम–जय प्रकाश भाई पटेल, पिता का नाम–स्व0 टेकलाल महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–उच्चाधाना, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–361/23<br>2. आवेदक का नाम–कुसुम देवी, पिता का नाम–मनोज राम<br>3. ग्राम–बरसोत, पोस्ट–बरसोत, थाना–बरही, प्रखण्ड–बरही<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने पैर में जला हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–370/23<br>2. आवेदक का नाम–लालू करमाली, पिता का नाम–स्व0 सोहराय करमाली<br>3. ग्राम–सुथरपुर, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–362/23<br>2. आवेदक का नाम–संजय प्रसाद मेहता, पिता का नाम–रोहन प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–जागड़ा, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के बांह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–363/23<br>2. आवेदक का नाम–अशोक राम, पिता का नाम–दिनेश्वर राम<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल के नीचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–364/23<br>2. आवेदक का नाम–भोला प्रसाद मेहता, पिता का नाम–भेखलाल महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट के दायें तरफ ऑपरेशन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–365/23<br>2. आवेदक का नाम–दिनेश प्रसाद मेहता, पिता का नाम–भेखलाल महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट के दायें तरफ ऑपरेशन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–366/23<br>2. आवेदक का नाम–लखन प्रसाद मेहता, पिता का नाम–मोहन महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–367/23<br>2. आवेदक का नाम–महावीर महतो, पिता का नाम–मुटर महतो<br>3. ग्राम–अलौन्जा खुर्द, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–368/23<br>2. आवेदक का नाम–शंकर कुमार, पिता का नाम–खिरोधर महतो<br>3. ग्राम–गुंजा, पोस्ट–रतनपुर (ईचाक), थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–369/23<br>2. आवेदक का नाम–उमेश प्रसाद मेहता, पिता का नाम–बालकी प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरका खुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–सीना और गर्दन के बीच में तील। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–नोडल पदाधिकारी द्वारा जॉंच में आन्दोलनकारी होने का मंतव्य एवं चिन्हित स्थानीय झारखण्ड आन्दोलनकारी रामप्रवेश सिंह के पहचान तथा अनुशंसा के आधार पर। | |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–77<br>2. आवेदक का नाम –तिलक महतो, पिता का नाम–स्व0 बालो महतो<br>3. ग्राम–चपरख, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–29<br>2. आवेदक का नाम –अशोक राम, पिता का नाम–धनेश्वर राम<br>3. ग्राम–हदारी, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–33<br>2. आवेदक का नाम –नागेन्द्र राम, पिता का नाम–स्व0 रघु राम<br>3. ग्राम–परासी, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–118<br>2. आवेदक का नाम –अनमोल कुमार, पिता का नाम–सुरेश राम<br>3. ग्राम–परासी, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– नोडल पदाधिकारी द्वारा जॉंच में आन्दोलनकारी होने का मंतव्य, हजारीबाग वाद सं0–695/98 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी राम प्रवेश सिंह द्वारा अनुशंसित एवं आवेदन में संलग्न अखबार कतरनों में उल्लेखित उनके साथ शामिल सैकड़ो की संख्या में संसद में झारखण्ड अलग राज्य बिल पास कराने हेतु धरना में शामिल लोगो की शपथ पत्र के माध्यम से दी गयी सूची के आधार पर। | |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–101<br>2. आवेदक का नाम–ईन्द्रदेव प्रसाद मेहता, पिता का नाम–स्व0 रामेंश्वर मेहत<br>3. ग्राम–बरका खुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–45<br>2. आवेदक का नाम–अशोक कुमार मेहता, पिता का नाम–स्व0 जीवलाल मेहतो<br>3. ग्राम–बरका खुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–74<br>2. आवेदक का नाम–प्रेम कुमार मेहता, पिता का नाम–भेखलाल प्र0 मेहता<br>3. ग्राम–हदारी, पोस्ट– ईचाक, थाना– ईचाक, प्रखण्ड– ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–75<br>2. आवेदक का नाम–अरूण कुमार, पिता का नाम–सरयु प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–हदारी, पोस्ट– ईचाक, थाना– ईचाक, प्रखण्ड– ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–76<br>2. आवेदक का नाम–सुनील मेहता, पिता का नाम–भेखालाल प्र0 मेहता<br>3. ग्राम–हदारी, पोस्ट– ईचाक, थाना– ईचाक, प्रखण्ड– ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉंव) अध्यक्ष

PR 311442 (Home) 23-24 (D)

## बिरसा मुंडा के योगदान को देश याद रखेगा : लक्ष्मण प्रसाद सिंह


भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने गरीब आदिवासी के बीच वस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर बिहार से अलग झारखंड राज्य की स्थापना की गयी। इससे झारखंड में उनका महत्व सहज समझा जा सकता है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा ने अहम भूमिका निभायी। उन्होंने अपने छोटे से जीवन काल में ही अंग्रेजों को दिन में तारे दिखाने का काम किया। उन्होंने रानी का राज खत्म करो, हमारा साम्राज्य स्थापित करो का नारा दिया था। अंग्रेजों ने उनकी गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा कर रखी थी। बताया कि महज 25 वर्ष की आयु में 1900 ई में जेल में ही उनकी मृत्यु हो गयी थी। श्री सिंह कहा कि उनके योगदान को झारखंड सहित पूरा देश हमेशा याद रखेगा।

## वेदांता एल्युमीनियम ने भारत में रेस्टोरा लो कार्बन एल्युमीनियम की पहली आपूर्ति भेजी

**ऑर्डर के हिस्से के रूप में, कंपनी ग्लोबल एल्युमीनियम को 300 मीट्रिक टन रेस्टोरा बिलेट्स की आपूर्ति करेगी,**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत में एल्युमिनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने देश के पहले निम्न-कार्बन 'हरित' एल्युमीनियम, रेस्टोरा की अपनी पहली घरेलू आपूर्ति ग्लोबल एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड को भेज दी है, जो तेलंगाना स्थित एक प्रमुख एल्युमीनियम एक्सट्रूजन कंपनी है। ऑर्डर के हिस्से के रूप में, कंपनी ग्लोबल एल्युमीनियम को 300 मीट्रिक टन रेस्टोरा बिलेट्स की आपूर्ति करेगी, जिससे यह आज घरेलू प्राथमिक एल्युमीनियम उद्योग के सबसे टिकाऊ उत्पादों में से एक का पहला घरेलू ग्राहक बन जायेगा। इस प्रकार यह समझौता भी एक महत्वपूर्ण संकेत है यह उद्योग की मूल्य श्रृंखला को डीकाबोर्नाइज करने की दिशा में त्वरित यात्रा में मील का पत्थर है, और इसे ओड़िशा के झारसुगुड़ा में स्थित वेदांत एल्युमीनियम के मेगा स्मेल्टर के माध्यम से पूरा किया जायेगा। वेदांता एल्युमीनियम वैश्विक ग्राहक आधार के लिए निम्न-कार्बन एल्युमीनियम, ब्रांडेड रेस्टोरा और रेस्टोरा अल्ट्रा (अल्ट्रा-लोकार्बन एल्युमीनियम) की पेशकश करने वाली भारत की पहली कंपनी है, जिनमें से कई लोग अपनी सामग्रियों की स्थायी उत्पत्ति सुनिश्चित करने और सक्रिय रूप से डीकाबोर्नाइजिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी मूल्य श्रृंखला. नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके निर्मित, रेस्टोरैस का उत्पादन ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन तीव्रता के साथ 4 टन $CO_2$ के बराबर प्रति टन एल्युमीनियम के साथ किया जाता है, जो एल्युमीनियम के लिए कम कार्बन पदचिह्न के रूप में मानी जाने वाली वैश्विक सीमा है। रेस्टोरा अल्ट्रा, बनाया गया मैल से प्राप्त एल्यूमीनियम (एल्यूमीनियम गलाने का एक उप-उत्पाद) के साथ, इसका कार्बन पदचिह्न और भी कम है जो शून्य के करीब है और दुनिया में सबसे कम में से एक है। अपने विचार साझा करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ, जन स्लेवेन ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम में, हम अपने ग्राहकों को स्थायी रूप से उत्पादित उत्पादों के माध्यम से एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही साथ अपने संचालन को लगातार डीकाबोर्नाइजिंग भी कर रहे हैं। हमारा रेस्टोरा ब्रांड जारी है। वैश्विक स्तर पर और भारत में भी हमारे ग्राहकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। हम घरेलू बाजार में अपनी विश्व स्तरीय रेस्टोरा रेंज पेश करके खुश हैं, और ग्रह के लिए एक हरित भविष्य का एहसास करने के लिए अपने मूल्यवान ग्राहकों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" अपने विचार व्यक्त करते हुए, ग्लोबल एल्युमीनियम के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अनिल अग्रवाल ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम उच्च-गुणवत्ता और मूल्य-वर्धित एल्यूमीनियम की हमारी जरूरतों को पूरा करने वाले उच्च-गुणवत्ता वाले समाधानों का एक विश्वसनीय प्रदाता है। इसके उत्पादों की रेस्टोरा रेंज घरेलू एक्सट्रूजन उद्योग में खिलाड़ियों को अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने और एक हरित मूल्य श्रृंखला स्थापित करने में सक्षम बनाने में गेमचेंजर साबित होगी। यह आपूर्ति साझेदारी हमारी डीकाबोर्नाइजेशन यात्रा में एक सच्चा मील का पत्थर है और उद्योग में टिकाऊ प्रथाओं को और प्रोत्साहित करेगी।

## हाइकोर्ट का आदेश: कल से होगी श्रीमंदिर के नाट मंडप की मरम्मत



- अगली सुनवाई दिसंबर में होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पुरी श्रीमंदिर नाट मंडप की कल से होगी मरम्मत। हाइकोर्ट ने यह आदेश दिया है। हाइकोर्ट ने एएसआइ को आदेश दिया है। एएसआई अगले 24 तारीख से मरम्मत शुरू करना चाहता था। लेकिन हाइकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। नाट मंडप के मरम्मत के लिए श्रीमंदिर प्रबंधन हर तरह का सहयोग करेगा। इसी तरह, न्यायमित्र हर 15 दिन में मरम्मत कार्य का अध्ययन कर मरम्मत कार्य की प्रगति के बारे में रिपोर्ट हाइकोर्ट को सौपेंगे। हाइकोर्ट इस मामले की सुनवाई अगले दिसंबर में करेगा।











## धर्मेंद्र प्रधान ने पीएमश्री स्कूल योजना को ओड़िशा में लागू करने के लिए सीएम को लिखा पत्र



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओड़िशा में पीएमश्री स्कूल के लिए फिर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया गया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने 9 और 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। केंद्रीय मंत्री ने लिखा है कि ज्यादातर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं और स्कूल चयन का पहला चरण पूरा हो चुका है। लेकिन ओड़िशा ने अभी तक एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य देश भर में 14,500 से अधिक पीएमश्री स्कूल स्थापित करना है। धर्मेंद्र ने पत्र में कहा कि इस स्कूल के माध्यम से नयी प्रौद्योगिकियों, स्मार्ट कक्षाओं, खेल और अन्य पहलुओं पर जोर दिया जायेगा।

## राज्यपाल रघुवर दास क्योंझर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** क्योंझर विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल रघुवर दास क्योंझर में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल क्योंझर सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत की है। राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि आज का दिन देश की आदिम जनजाति और जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए विशेष दिन है। योजना का लक्ष्य जनजाति और जनजातियों का पूर्ण विकास करना है। ओड़िशा में जहां 13 आदिम जनजातियां हैं, वहीं इस योजना के तहत केंद्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याण योजनाओं के बारे में गरीबों और आदिवासियों को जागरूक करने के लिए 2 रथ क्योंझर जिले के 13 प्रखंडों से होकर गुजरेंगे।





















## रेल पटरियों पर पालतू जानवरों के भटकने से होनेवाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए पूर्व तट रेलवे ने व्यापक रणनीतियों को लागू किया

- अधिकारियों ने चालू वर्ष में ही इन घटनाओं के संबंध में 17 मामले दर्ज किए हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** रेल पटरियों पर मवेशियों के भटकने से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए पूर्व तट रेलवे ने दुर्घटनाओं से बचने और रेल यातायात की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम शुरू किये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सक्रिय कदम उठाये हैं, जिनमें स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ना, ट्रेन कर्मचारियों को संवेदनशील बनाना और मवेशियों के कुचलने की घटनाओं की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों की पहचान करना शामिल है।

स्थानीय समुदायों को शामिल करने के प्रयास में पूर्व तट रेलवे ने ग्रामीणों के लिए परामर्श सत्र शुरू किया है, जिसमें मवेशियों को रेलवे पटरियों से दूर रखने के लिए निवारक उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। जानवरों को पटरियों के पास घूमने देने के खतरों के बारे में निवासियों को शिक्षित करने के लिए गांवों में सुरक्षा सेमिनार और प्रचार अभियान चलाये जा रहे हैं। अभियान का एक प्रमुख पहलू रेलवे पटरियों के किनारे खाद्य अपशिष्ट के डंपिंग को हतोत्साहित करना है, क्योंकि यह जानवरों को आकर्षित करता है और आसपास के क्षेत्र में उनके एकत्र होने की संभावना बढ़ जाती है। इस उपाय का उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है, जो रेलवे बुनियादी ढांचे के प्रति वन्यजीवों के आकर्षण को कम करे। 2021 से आयोजित जागरूकता अभियानों की शुरुआत के बाद से, पूर्व तट रेलवे ने 2492 जागरूकता अभियान चलाए हैं, जो मवेशियों के ऊपर से गिरने की घटनाओं को रोकने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं। अधिकारियों ने चालू वर्ष में ही इन घटनाओं के संबंध में 17 मामले दर्ज किए हैं और छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक सशक्त कदम में रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रेन मार्गों के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाना शुरू कर दिया है, और निवासियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि जानवरों को पटरियों के पास लावारिस घूमने की अनुमति न दी जाये। आरपीएफ ने स्पष्ट कर दिया है कि पशु मालिकों की ओर से लापरवाही बरतने पर कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। पूर्व तट रेलवे के सक्रिय उपाय और रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय समुदायों के सहयोगात्मक प्रयास रेलवे परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ट्रेनों और मवेशियों से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने की दिशा में आवश्यक कदम हैं।







वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**